वर्ष 23, अंक 246, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज सोमवार 30 सितम्बर 2024 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## मन की बात में प्रधानमंत्री ने रोजगार के नए अवसरों से युवाओं का कराया परिचय

**नई दिल्ली। प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम में युवाओं को क्रिएटिविटी के क्षेत्र में बढ़ रहे रोजगार से रूबरू करवाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बदलते हुए इस समय में कार्य की प्रकृति बदल रही हैं और नए-नए सेक्टर का उभार हो रहा है।

पीएम मोदी ने कहा कि गेमिंग, एनिमेशन, रील मेकिंग, फिल्म मेकिंग या पोस्ट मेकिंग में किसी स्किल में आप अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं तो आपके टैलेंट को बहुत बड़ा मंच मिल सकता है, अगर आप किसी बैंड से जुड़े हैं या फिर कम्युनिटी रेडियो के लिए काम करते हैं, तो भी आपके लिए बहुत बड़ा अवसर है। आपके टैलेंट और क्रिएटिविटी को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने ह्लक्रिएट इन इंडिया इस थीम के तहत 25 चैलेंज शुरू किए हैं। ये चैलेंज आपको जरूर दिलचस्प लगेंगे।

पीएम मोदी ने आगे कहा, "कुछ चैलेंज तो म्यूजिक, एजुकेशन यहां तक कि एंटी पायरेसी पर भी केंद्रित हैं। इस आयोजन में कई सारे व्यावसायिक संगठन भी शामिल हैं, जो इन चैलेंज को अपना पूरा समर्थन दे रहे हैं। देश-भर के क्रिएटर से मेरा विशेष आग्रह है कि वे इसमें जरूर हिस्सा लें और अपनी क्रिएटिविटी को सामने लाएं।"

पीएम मोदी ने मेक इन इंडिया के 10 साल पूरे होने के अवसर भी बात की। उन्होंने कहा, इस अभियान की सफलता में, "देश के बड़े उद्योगों से लेकर छोटे दुकानदारों तक का योगदान शामिल है। मुझे ये देखकर बहुत खुशी मिलती है, कि गरीब, मध्यम वर्ग और एमएसएमई को इस अभियान से बहुत फायदा मिल रहा है। इस अभियान ने हर वर्ग के लोगों को अपना टैलेंट सामने लाने का अवसर दिया है। आज, भारत उत्पादन का पावर हाउस बना है और देश की युवा-शक्ति की वजह से दुनिया-भर की



नजरें हम पर हैं। ऑटोमोबाइल हो, टेक्सटाइल हो, एविएशन हो, इलेक्ट्रॉनिक्स हो, या फिर डिफेंस। हर सेक्टर में देश का एक्सपोर्ट लगातार बढ़ रहा है। देश में एफडीआई का लगातार बढ़ना भी हमारे मेक इन इंडिया की सफलता की गाथा कह रहा है।"

पीएम मोदी ने आगे कहा कि अब हम मुख्य रूप से दो चीजों पर फोकस कर रहे हैं। पहली है क्वालिटी यानी, हमारे देश में बनी चीजें ग्लोबल स्टैंडर्ड की हों। दूसरी है वोकल फॉर लोकल यानी, स्थानीय चीजों को ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा मिले। मन की बात में हमने माइ प्रोडक्ट माइ प्राइड की भी चर्चा की है।

पीएम ने बताया कि लोकल प्रोडक्ट को बढ़ावा देने से देश के लोगों को फायदा होता है। इसके लिए उन्होंने महाराष्ट्र के भंडारा जिले में टेक्सटाइल उद्योग का उदाहरण दिया। इनमें महिलाओं की बहुत बड़ी भागीदारी है। यह सिल्क तेजी से लोकप्रिय हो रही है और स्थानीय समुदायों को सशक्त बना रही है।

पीएम मोदी ने लोगों से मेक इन इंडिया को आगे बढ़ाने की अपील की। उन्होंने कहा, आप लोग कुछ भी खरीदेंगे, वो,मेड इन इंडिया, ही होना चाहिए, कुछ भी गिफ्ट देंगे, वो भी, मेड इन इंडिया ही होना चाहिए। सिर्फ मिट्टी के दीये खरीदना ही वोकल फॉर लोकल नहीं है। आपको, अपने क्षेत्र में बने स्थानीय उत्पादों को ज्यादा-से-ज्यादा प्रमोट करना चाहिए।

## 'हमारे समर्थन के बिना हरियाणा में नहीं बनेगी किसी की सरकार'- केजरीवाल



**हरियाणः हरियाणा** विधानसभा चुनाव प्रचार के तहत रविवार (29 सितंबर) को दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने गुरुग्राम के बादशाहपुर में आम आदमी पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने एक बार फिर दावा किया कि दावा किया कि इस बार आम आदमी पार्टी के सहयोग के बीच किसी की सरकार नहीं बनेगी.

उन्होंने कहा कि बीजेपी और पीएम मोदी आम आदमी पार्टी के नेताओं से डरते हैं. पीएम मोदी ने मुझे जेल भेजकर पार्टी को तोड़ने की कोशिश की. पांच महीने जेल में रहा. इंसुलिन की इंजेक्शन लगाने पर रोक लगा दी. फिर भी ये मेरी हिम्मत को तोड़ नहीं पाए. मैं हरियाणा का हूं. हरियाणा वालों की हिम्मत वो नहीं तोड़ सकते. बीजेपी वालों को लगता है कि अरविंद केजरीवाल हरियाणा में भी सरकार बना लेगा. हकीकत भी यही है. आम आदमी पार्टी के समर्थन के बिना इस बार हरियाणा में किसी भी पार्टी या गठबंधन की सरकार नहीं बनेगी.

हरियाणा के लाल अरविंद केजरीवाल जी का बादशाहपुर विधानसभा में जनसभा के दौरान अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हमने केवल यही गुनाह किया था कि दिल्ली के लोगों को बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधा, महिलाओं को फ्री में बस यात्रा, बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा, बिजली-पानी फ्री सहित कई अन्य सेवाएं मुफ्त में मुहैया कराई थी. दिल्ली को एजुकेशन मॉडल के रूप में प्रसिद्धि दिलाई. अब आप ही बताओ ये गुनाह है क्या?

आप लोग भी इस बात की गांठ बांध लें, अरविंद केजरीवाल पक्की वाली गारंटी देता है।

### अयोध्या में मिली हार पर पहली बार सामने आया अमित शाह का रिएक्शन

## कांग्रेस पार्टी की तीन पीढ़ियों ने सेना का सम्मान नहीं किया



**हरियाणाः हरियाणा** में चुनाव प्रचार के लिए अब एक हफ्ते से भी कम समय बचा है. ऐसे में सभी राजनीतिक दलों के दिग्गज नेता प्रचार के लिए ताबड़तोड़ रैलियां कर रहे हैं. इस बीच गुरुग्राम के बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर जमकर निशान साधा. उन्होंने कहा, "इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और सोनिया गांधी... कांग्रेस पार्टी की तीन पीढ़ियों ने सेना का सम्मान नहीं किया, वन रैंक-वन पेंशन की मांग को पूरा नहीं किया. आपने नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाया और वन रैंक-वन पेंशन की मांग पूरी की. वन रैंक-वन पेंशन का तीसरा वर्जन भी पीएम मोदी ने लागू कर दिया है, अब नई तनख्वाह के साथ पेंशन मिलेगी."

अयोध्या सीट हारने पर क्या बोले अमित शाह?

लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को अयोध्या सीट पर हार का सामना करना पड़ा था. इसे लेकर गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सीटों पर हार जीत होती रहती है, इसे रामलला के अपमान से मत जोड़ो. कांग्रेस पार्टी के शासनकाल में रामलला टेंट में थे. पीएम मोदी ने भूमि पूजन भी किया... मंदिर भी बनाया और प्राण पतिष्ठा करने का काम भी किया." इससे पहले पूरा विपक्ष ये कहता था कि बीजेपी अयोध्या में इसलिए हारी क्योंकि उन्होंने रामलला का अपमान किया था.

अग्निवीर योजना को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा

गृह मंत्री अमित शाह अग्निवीर योजना को लेकर भी कांग्रेस को जवाब दिया. उन्होंने कहा, "अग्निवीर योजना सिर्फ जवानों का जवान बनाने के लिए लाई गई है. हरियाणा के एक-एक अग्निवीर को राज्य सरकार और भारत सरकार पेंशन वाली नौकरी देगी.

पांच साल के बाद कोई अग्निवीर ऐसा नहीं होगा, जिसका पास पेंशन वाली नौकरी नहीं होगी."

गृह मंत्री अमित शाह बीते 10 साल के कार्यकाल का हिसाब भी दिया. उन्होंने कहा, "यूपीए सरकार ने हरियाणा को 41 हजार करोड़ रुपये दिए थे, जबकि मोदी सरकार ने बीते 10 सालों में हरियाणा को 2 लाख 92 हजार करोड़ रुपया दिया. पीएम मोदी को सबसे ज्यादा प्यार हरियाणा से है।

## यूपी में 2017 के बाद एमबीबीएस की सीटों में 108 और पीजी की सीटों में 181 फीसद का इजाफा

**लखनऊ। उत्तर** प्रदेश योगी आदित्यनाथ की अगुआई में भाजपी की सरकार में मेडिकल कॉलेजों की संख्या में अभूतपूर्व बढ़ोतरी हुई है।

इस समय प्रदेश में 78 मेडिकल कॉलेज संचालित हैं, जबकि वर्ष 2017 में इनकी संख्या महज 39 थी। इसी तरह प्रदेश में पिछले साढ़े सात वर्षों में एमबीबीएस की सीटों में 108 प्रतिशत और पीजी की सीटों में 181 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।

मेडिकल एजुकेशन एंड ट्रेनिंग उत्तर प्रदेश की महानिदेशक किंजल सिंह के मुताबिक राज्य में 2017 से अब तक बड़े पैमाने पर मेडिकल कॉलेज की संख्या में वृद्धि हुई है।



योगी सरकार बनने से पहले 2017 में प्रदेश में 39 मेडिकल कॉलेज संचालित थे। इनमें से 14 सरकारी मेडिकल कॉलेज और 25 प्राइवेट मेडिकल कॉलेज थे। 2017 में योगी आदित्यनाथ के सत्ता संभालने के बाद साढ़े सात वर्षों में प्रदेश में कुल मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़कर 78 हो गई है। इनमें 43 सरकारी और 35 प्राइवेट हैं।

राज्य में 2017 के बाद एमबीबीएस की सीटों में 108 प्रतिशत और पीजी की सीटों में 181 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है।

## पाकिस्तान को मिलेगा कर्मो का फल !

### शहबाज शरीफ ने यूएनजीए में उठाया कश्मीर मुद्दा

**संयुक्त राष्ट्र**

**पाकिस्तान** के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन के दौरान जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया था। इसपर कड़ा प्रहार करते हुए जयशंकर ने कहा कि मैं भारत की स्थिति को पूरी तरह स्पष्ट कर देना चाहता हूं। पाकिस्तान की सीमा-पार आतंकवाद की नीति कभी सफल नहीं होगी और उसके सजा से बचने की कोई उम्मीद नहीं है।

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने न्यूयॉर्क में 79वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कश्मीर और सीमा पार आतंकवाद पर पाकिस्तान की नीति की कड़ी निंदा की। जयशंकर ने पड़ोसी



देश को चेतावनी देते हुए कहा कि सीमा-पार आतंकवाद की उनकी नीति कभी सफल नहीं होगी और उसके ह्यकृत्यों के निश्चित तौर पर परिणाम मिलेंगेह्व। भारतीय विदेश मंत्री ने कहा, 'कई देश अपने नियंत्रण से परे परिस्थितियों के कारण पीछे छूट जाते हैं, लेकिन कुछ देश जानबूझकर ऐसे फैसले लेते हैं, जिनके परिणाम विनाशकारी होते हैं। इसका सबसे बड़ा उदाहरण हमारा पड़ोसी देश पाकिस्तान है।'

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन के दौरान जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया था। इसपर कड़ा प्रहार करते हुए जयशंकर ने कहा कि इस्लामाबाद के कुकृत्यों का असर अन्य देशों, खासकर पड़ोस पर भी पड़ता है। उन्होंने निंदा करते हुए कहा, 'जब यह राजनीति अपने लोगों में इस तरह की कट्टरता पैदा करती है।

## महबूबा मुफ्ती हमेशा से पाकिस्तान की भाषा बोलती रही हैं : गिरिराज सिंह

**पटना। केंद्रीय** कपड़ा मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता गिरिराज सिंह ने पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती को पाकिस्तान परस्त बताया है। आरोप लगाया है कि महबूबा कभी अमन चैन का पैगमा नहीं देती हैं। न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में गिरिराज सिंह ने कहा, हिजबुल्लाह चीफ नसरल्लाह की मौत से दुख है तो वह फारूख अब्दुल्ला से जाकर मिलें। गले मिलकर दुख प्रकट करें। महबूबा मुफ्ती तो शुरू से ही पाकिस्तान की भाषा बोलती रही हैं।

## हरियाणा में कांग्रेस-भाजपा को वोट देकर भविष्य खराब न करें, बसपा को दें समर्थन : मायावती

**नई दिल्ली। हरियाणा** विधानसभा चुनावों के लिए सभी राजनीतिक दल जोर आजमाइश कर रहे हैं। इस बीच रविवार को बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने मतदाताओं को अपना मत खराब न करने की सलाह दी। उन्होंने दलित समुदाय से अपील की है कि वह कांग्रेस और भाजपा को वोट देकर अपने भविष्य को खतरे में न डालें।

मायावती ने कहा कि दोनों पार्टियां दलितों की उपेक्षा और तिरस्कार करती हैं। इससे स्पष्ट है कि इन



पार्टियों में दलितों के हितों की रक्षा करने की कोई मंशा नहीं है। उन्होंने दलितों से आग्रह किया कि वह अपना वोट बसपा को दें, जो उनके अधिकारों और कल्याण के लिए लगातार संघर्ष कर रही है।

मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "हरियाणा में हो रहे विधानसभा आम चुनाव के दौरान भी कांग्रेस द्वारा दलितों की लगातार की जा रही उपेक्षा व तिरस्कार से यह साबित है कि पार्टी में अभी सब कुछ ठीक नहीं है, गलत है तो आगे क्या होगा? ऐसे में दलित समाज के लोग कांग्रेस और भाजपा आदि को अपना वोट देकर इसे खराब न करें। हमेशा आरक्षण विरोधी रही कांग्रेस के नेता अब आरक्षण को समय आने पर खत्म करने की बात करते हैं।

### नेपाल से छोड़ा गया पानी, बिहार में बाढ़ का संकट और गहराया

## दो दिन की बारिश से बेहाल हुआ नेपाल

**नेपाल**

**कोसी** बैराज वीरपुर से इतना पानी छोड़े जाने से राज्य के उन 13 जिलों की स्थिति खराब होने का संकट और गहरा गया है, जो भारी बारिश के कारण पहले से ही बाढ़ से जूझ रहे हैं। इससे 16.28 लाख से अधिक लोग प्रभावित हो सकते हैं।

नेपाल से पानी छोड़े जाने के बाद बिहार के कई इलाकों में बाढ़ की स्तिथि और खराब होने की संभावना बढ़ गयी है, जिसको लेकर सरकार ने रविवार को चेतावनी भी जारी कर दी है। जल



संसाधन विभाग ने एक बयान जारी कर लोगों से सतर्क रहने को कहा है। बयान में विभाग ने कहा है कि नेपाल में भारी वर्षा के कारण आज सुबह पांच बजे कोसी बैराज वीरपुर से 6,61,295 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है, जो 1968 के बाद सर्वाधिक है।

बता दें, कोसी बैराज वीरपुर से इतना पानी छोड़े जाने से राज्य के उन 13 जिलों की स्थिति खराब होने का संकट और गहरा गया है, जो भारी बारिश के कारण पहले से ही बाढ़ से जूझ रहे हैं।

इससे 16.28 लाख से अधिक लोग प्रभावित हो सकते हैं।

बिहार सरकार राज्य में बाढ़ की स्थिति से निपटने का लगातार प्रयास कर रही है। लेकिन अब संकट को और गहराता देख केंद्र सरकार भी एक्शन मोड़ में आ गयी है।

### इस हालत के लिए केंद्र सरकार और उपराज्यापल जिम्मेदार : सौरभ भारद्वाज

## दिल्ली में बड़े-बडे ़गैंग सक्रिय- सौरभ भारद्वाज

**नई दिल्ली। दिल्ली** सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने आईएएनएस से दिल्ली की कानून व्यवस्था को लेकर बातचीत की। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था इस समय काफी खराब है और इसके लिए भारतीय जनता पार्टी की केंद्र शासित सरकार और दिल्ली के उपराज्यपाल जिम्मेदार हैं।

सौरभ भारद्वाज ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, "आज दिल्ली के अंदर बड़े-बड़े गैंग सक्रिय हैं। यहां गैंगस्टर्स व्यापारियों से रोज फिरौती के पैसे मांग रहे हैं, रंगदारी के पैसे मांग रहे हैं और हजारों व्यापारी हैं जो इन लोगों को पैसा दे रहे हैं। इंटरनेशनल कॉल आती हैं जिसके बाद लोग डर के मारे लोग पैसा दे रहे हैं। जो पैसा नहीं दे रहे उनके यहां




गोलियां चलाई जा रही हैं। कल मात्र 24 घंटे के अंदर नारायणा में एक शोरूम के ऊपर हमला हुआ। उनसे पांच करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी जा रही थी।

उन्होंने आगे कहा कि महिपालपुर के अंदर एक होटल के ऊपर हमला हुआ। उनसे भी फिरौती के लिए पैसे मांगे जा रहे थे। ऐसे ही नांगलोई के अंदर एक मशहूर मिठाई की दुकान है। वहां पर हमलावरों ने गोलियां चलाई है और फिरौती के लिए दीपक बॉक्सर के नाम की चिट फेंककर गए हैं।

ऐसे ही गुलाबी बाग में 4 किलो 400 ग्राम की सोने की लूट की गई। ग्रेटर कैलाश में 1 सप्ताह पहले एक जिम के मालिक को भी गोली मार दी गयी।

सौरभ भारद्वाज के मुताबिक इतने वर्षों से दिल्ली में इतनी दहशत का माहौल कभी नहीं देखा गया है। दिल्ली में देश की संसद है सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली पीएम और राष्ट्रपति का आवास है सभी सांसदों का घर दिल्ली में है।

## झारखंड में हेमंत सरकार का जाना तय : शिवराज सिंह चौहान

**रांची। केंद्रीय कृषि** मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को कहा कि झारखंड में हेमंत सरकार का जाना तय है। राज्य की जनता परिवर्तन का मन बना चुकी है और यहां भाजपा की सरकार का आना भी तय है।

पलामू स्थित डाल्टनगंज में परिवर्तन महासभा को संबोधित करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने राज्य की झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और कांग्रेस गठबंधन सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह गठबंधन नहीं 'ठगबंधन' है। इन्होंने मिलकर जल संपदा, वन संपदा और खनिज संपदा से भरपूर सुंदर प्रदेश को



खोखला कर दिया है। जब झारखंड में भाजपा की सरकार थी तो यहां ऐसे विकास के काम हुए थे कि जनता आज भी याद करती है। इसलिए, अब भाजपा की सरकार ही झारखंड को विकास के पथ पर ले जाएगी।

उन्होंने हेमंत सरकार की मईयां सम्मान योजना को लेकर कहा कि, पांच साल पहले विधानसभा चुनाव के दौरान जेएमएम ने महिलाओं से वादा किया था कि उन्हें हर महीने चूल्हा खर्च के लिए दो हजार रुपये दिए जाएंगे, लेकिन चार साल 10 महीने हेमंत सोरेन को माताओं-बहनों की याद नहीं आई और अब चुनाव नजदीक आते ही उनके खाते में महज एक हजार रुपये डाले जा रहे हैं। यह झारखंड की महिलाओं से छल नहीं तो और क्या है? चौहान ने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही झारखंड की बहनों के खातों में भी हर महीने 2100 रुपये की राशि डाली जाएगी।

# पूर्व ब्लाक प्रमुख पर नकाब पोश बदमाशों ने मारी गोली, हालत नाजुक

## चालक के साथ घर के लिए जा रहे थे चलती गाड़ी पर घटना को दिया अंजाम

**अखंड भारत संदेश**





**उतरांव।** उतरांव क्षेत्र की फरीदपुर बलीपुर नेशनल हाईवे सर्विस रोड पर घर जा रहे पूर्व ब्लाक प्रमुख पर अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने गोली मार दी। वहीं पूर्व ब्लाक प्रमुख गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी रही। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने पूर्व ब्लाक प्रमुख को जिला अस्पताल इलाज के लिए ले गए।दुघरा महरूपुर थाना उतरांव निवासी राधे श्याम पटेल पुत्र सोहन लाल उम्र 65 वर्ष जो 2004 में सैदाबाद ब्लॉक के प्रमुख थे। रविवार सुबह 9:00 बजे के करीब अपने चालक अनिल कुमार पुत्र जगन्नाथ कनेहठी थाना बहरिया के साथ अपनी मोटरसाइकिल से फूलपुर मंडी गए थे। 1:00 के करीब दोपहर घर के लिए लौटे थे। मोटरसाइकिल चालक अनिल कुमार चला रहा था जैसे ही फरीदपुर बलीपुर नेशनल हाईवे के पास पहुंचे ही थी कि पीछे से स्प्लेंडर बाइक से नकाबपोश दो बदमाश आए चलती गाड़ी पर ही पूर्व ब्लाक प्रमुख को पेट में गोली मार दिए। गोली मार कर बदमाश हंडिया की तरफ फरार हो गये। वहीं चालक अनिल कुमार फौरन प्रमुख के घर परिजनों को सूचना दी। आनंन-फानन में परिजनों द्वारा एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए ले गए। जहां डॉक्टर हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में पूर्व ब्लाक प्रमुख का इलाज चल रहा है। हालत नाजुक बताई जा रही है। घटनास्थल पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुटी रही।वहीं थाना अध्यक्ष पंकज कुमार त्रिपाठी नेशनल हाईवे के बगल कई जगह सीसीटीवी कैमरे को खागाले।थाना अध्यक्ष ने बताया की घायल प्रमुख द्वारा बताए गए लोगो की तलाश जारी है।खबर लिखे जाने तक थाने में कोई तहरीर नहीं दी गई थी।



## अरैल के पार्षद की माता निवर्तमान प्रधान का निधन

**नैनी।** नैनी अरैल ग्रामसभा की निवर्तमान प्रधान और पार्षद प्रदीप महरा की माता विमला देवी का रविवार सुबह निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार अरैल स्थित घाट पर किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में उनके परिजन, समर्थक और परिचित उपस्थित रहे। सभी ने उनको विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भावभीनी विदाई दी। विमला देवी गंभीर बीमारी से ग्रसित थी। रविवार दोपहर उनका अंतिम संस्कार अरैल घाट पर किया गया। बता दें कि उन्होंने लगातार दो पंचवर्षीय योजना में अरैल ग्रामसभा का कुशलता से प्रतिनिधित्व किया। महत्वपूर्ण विकास कार्य कराए। उनके निधन से अरैल में शोक की लहर व्याप्त है।

# न्यूज झरोखा

## हिंदी व्याकरण प्रतियोगिताः 300 छात्र-छात्राओं ने दी परीक्षा, प्रयास शिक्षण संस्थान मना रहा हिंदी पखवाड़ा



**बारा/शंकरगढ़।** प्रत्येक वर्ष की भांति इसवर्ष भी ह्यप्रयास शिक्षण संस्थान के बैनर तले आयोजित हिंदी पखवाड़े के तहत हिंदी व्याकरण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में यमुनापार के 32 स्कूलों से लगभग 300 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। पिछले छह वर्ष से लगातार आयोजित हो रही यह प्रतियोगिता चार वर्गों में विभाजित की गई थी। प्रत्येक वर्ग में स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता का आयोजन शंकरगढ़ के पत्ती देवी बालिका इंटर कालेज में किया गया। केंद्र व्यवस्थापक और कालेज प्रबंधक पूरी प्रतियोगिता के समय मजूद रहे। प्रयास शिक्षण संस्थान की संचालिका पूजा केसरवानी ने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिता से बच्चों के मन मस्तिष्क का विकास होता है और विद्यार्थी आगे प्रतियोगी परीक्षाओं को देने में सक्षम बनते हैं। इस प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए प्रतिभागी और उनके स्कूल के प्रबंधक, शिक्षकों को प्रयास शिक्षण संस्थान की तरफ से धन्यवाद दिया। आयोजन को सफल बनाने में रमेश केसरवानी, दीपक केसरवानी, प्रमोद जायसवाल, रामानुज गुप्ता, राघवेंद्र सिंह, सुरेंद्र द्विवेदी, चंद्रदीप विश्वकर्मा सुधांशु सिंह, रोहन सोलंकी, अश्मित, आयुष, सुधांशु, प्रिया, लकी, अनंत, ईशान, दिव्यराज, सौरभ सिंह, कृष्ण प्रताप का सराहनीय सहयोग रहा।

## विश्व हिन्दू परिषद का आरोप जंघई बाबा नगर में हो रहा धर्मांतरण




**जंघई।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल द्वारा पुलिस चौकी जंघई एवं सराय ममरेज थाना में रविवार को प्रार्थना पत्र दिया गया है जिसमें कहा गया है कि जंघई बाबा नगर में प्रत्येक रविवार को सुबह में एक व्यक्ति बाहर से आकर यीशु दरबार लगाकर बाइबिल की किताब भोले भाले नागरिकों को देकर ईसाई धर्म में परिवर्तन कर रहा है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि कुछ असमाजिक तत्व भोले भाले हिंदू समाज के लोगों को लालच और प्रलोभन देकर ईसाई धर्म में परिवर्तित करा रहे हैं। आरोप है कि हर रविवार को जंघई बाजार बाबा नगर में सभा आयोजित की जाती है, जहां छोटे बच्चे और महिलाएं शामिल होते हैं हिंदू विश्व परिषद के कार्यकताओं ने आरोपी को जंघई पुलिस के हवाले किया है। विश्व हिन्दू परिषद ने जंघई एवं सरायममरेज पुलिस से आग्रह किया है कि इस मामले में जांच कर उचित कार्रवाई की जाए और धर्म परिवर्तन के प्रयासों को अविलंब रोका जाए और धर्म परिवर्तन कराने वालों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करके कठोर कार्रवाई की जाए।

## बेटियों की रक्षा का संकल्प लिए रुचि तिवारी हादसे में घायल सिमरन से मिलने पहुंची अस्पताल

### कहा- इस बेटी के हांथ कटने से मैं काफी आहत हूं,अब अंतिम सांस तक निभाऊंगी बेटियों की रक्षा का संकल्प



**मेजा।** समाज में बहन बेटियों की सुरक्षा के लिए संकल्पित शिवसेना की प्रदेश सचिव श्रीमती रुचि अभिषेक तिवारी ने रविवार को समहन टिकुरी गांव में हुए सड़क हादसे में घायल बच्ची सिमरन और उसके परिजनों से अस्पताल में मुलाकात कर कुशलता जानी और कहा कि मेरे द्वारा लिया गया बहन बेटियों की रक्षा एवं सुरक्षा का संकल्प मेजा की यह बेटी अंतिम सांस तक निभाने के लिए संकल्पित है। मैं अपने इस संकल्प को निभाने के लिए संगठन के सहयोगी जनों के साथ समाज में 24 घंटे तत्पर रहती हूं। श्रीमती तिवारी ने अस्पताल में भर्ती सिमरन निषाद का एक हांथ कटने पर बेहद दुःख प्रकट करते हुए कहा कि इस बेटी के हांथ कटने से जो तकलीफ हुई है उससे मैं काफी आहत हूं। उन्होंने आगे कहा ऐसे में बेटी के पीड़ित परिजनों की मदद करना हम सभी की सामाजिक जिम्मेदारी एवं नैतिक कर्तव्य है। शिवसेना प्रदेश सचिव ने अस्पताल में उस समय भाउक हो उठीं जब उन्होंने सिमरन का कटा हुआ हांथ देखा। इस दौरान उन्होंने अपने संकल्प को और मजबूती के साथ समाजरूपी धरातल पर उतारने को ठान लिया है और कहा महिलाओं बहनों के साथ साथ अब बेटियों की रक्षा का संकल्प मेजा की यह बेटी अंतिम सांस तक निभायेगी।

# संविधान सम्मान सम्मेलन में कांग्रेसी नेताओं ने भरी हुंकार

**अखंड भारत संदेश**



**सहसों।** फूलपुर विधान के सहसों स्थित लाला बाजार में कांग्रेस पार्टी द्वारा रविवार को संविधान सम्मान सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव एवं प्रभारी उत्तर प्रदेश कांग्रेस अविनाश पांडे ने कहा कि संविधान का सम्मान तब होगा जब संविधान मूलक सरकार होगी वर्तमान में सरकार पूंजीपतियों की है। प्रधानमन्त्री तो इनके एजेंट के रूप कार्य कर रहे हैं ' अमेठी के सांसद के एल शर्मा ने कहा कि ये सरकार व्यापारियों की सरकार है इसलिए उनके लाभ के लिए कार्य कर रही है जनता का हाल बेहाल है सरकार मस्त है ' प्रयागराज सांसद उज्जवल रमण सिंह ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान का सम्मान तब होगा जब संविधान के प्राविधान इमानदारी पूर्वक लागू करके संस्थाओं को स्वतन्त्र रूप से कार्य करने दिया जाए लेकिन सरकार ने तो सारी संस्थाओं को अपने अधीन कर लिया है वो चाहे ईडी हो, सीबीआई हो, चुनाव आयोग हो यहां तक कि बीजेपी सरकार का नियंत्रण न्यायपालिका तक भी हो गया है जिससे भारत के गरीबों को न्याय नहीं मिल पा रहा है ' सम्मेलन में पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह ने कहा कि सरकार इलेक्ट्रोरल बॉन्ड्स से विभिन्न कंपनियों से अवैध चंदा प्राप्त किया और उनको अवैध रूप लाभ पहुंचाया। उन्होंने कहा कि जबकि देश की लगभग 43 दवाओं को प्रयोग करने लायक नहीं पाया ये सब उसी चंदे का कमाल है कि चंदा लो और धंधा दो जनता के हित से इनका कोई मतलब नहीं है ' विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय सचिव एवं प्रभारी प्रयागराज जोन राजेश तिवारी एवं मोना मिश्रा, शेखर बहुगुणा आदि ने भी सम्मेलन को संबोधित किया। सम्मेलन की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने किया। सम्मेलन के दौरान नेताओं में जमकर कहा सुनी एवं मारपीट भी हुआ। सम्मेलन में प्रमुख रूप से प्रदेश उपध्यक्ष मकसूद खान, मनीष मिश्रा, योगेंद्र मिश्र, इमरान खान, प्रदेश सचिव प्रभारी कौशांबी राजेश साहनी, जिलाध्यक्ष गंगापार सुरेश यादव, मोहम्मद हलीम अंसारी, जिलाध्यक्ष यमुनापार अरुण तिवारी, महानगर प्रयागराज के अध्यक्ष प्रदीप कुमार मिश्र अंशुमन, एआईसीसी सदस्य राजेश राकेश, उज्जवल शुक्ला, अशफाक अहमद, देवराज उपाध्याय, दिवाकर भारतीय मीडिया प्रभारी, राम मनोरथ सरोज, लल्लन पटेल, अशोक सिंह, इश्तियाक अहमद, विनय पाण्डेय, सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में मृत रिद्धि के परिजनों के आंसू पोंछने डा रीता जोशी पहुंची समहन गांव,मदद का दिया भरोसा



**मेजा।** प्रयागराज की पूर्व सांसद प्रो.रीता बहुगुणा जोशी रविवार को मेजा के समहन टिकुरी गांव में बीते 24 सितंबर को हुए भीषण सड़क दुर्घटना में मृत सरस्वती उर्फ रिद्धि मिश्रा पुत्री स्व.हरेकृष्ण मिश्र के घर पहुंची और परिवारजनों को हर संभव मदद कराने की बात कही। उन्होंने ढांढस बंधाते हुए मुख्यमंत्री निराश्रित योजना के तहत परिवारजनों को लाभ दिलवाने का भरोसा दिलाया। इस दौरान परिवार के लोगों ने स्थानीय पुलिस प्रशासन के द्वारा स्वयं पर मुकदमा दर्ज करने की बात बताई जिस पर सांसद ने एसीपी मेजा से बात कर दर्ज मुकदमा वापस करने का भी आश्वासन दिया। इधर अस्पताल में भर्ती घायल बच्चियों के इलाज के लिए जिलाधिकारी से बात करते हुए कहा कि उनका बेहतर इलाज हो यह प्रशासन सुनिश्चित करें। इस मौके पर पूर्व सांसद डा रीता बहुगुणा जोशी के साथ बाबा तिवारी, राजेश तिवारी, आशीष मिश्रा, पंकज तिवारी, राहुल मिश्रा,अभिषेक शुक्ला तथा विनायक शुक्ल आदि के अलावा कई अन्य शुभचिंतकगण प्रमूंख रूप से मौजूद रहे।

# भगवत कथा हर व्यथा को दूर कर आत्मा एवं परमात्मा का कराती है मिलन



**सहसों।** चंदरपुर उर्फ बसमहुआ गांव में चिंतामणि शुक्ला के संयोजन में संगीतमय चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के सप्तम दिवस पर श्री अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास पूज्य श्री आनंद भूषण जी महाराज द्वारा सुदामा प्रेम व चरित्र, सुभद्रा हरण का आख्यान एवं परीक्षित मोछ आदि प्रसंगों का भक्त श्रोताओं को श्रवण कराते सजीव वर्णन किया गया। कथा व्यास ने बताया कि मित्रता एवं परमात्मा के प्रति प्रेम कैसे निभाई जाए सो भक्त सुदामा जैसे। उन्होंने कहा कि अत्यंत गरीबी झेलते सुदामा अपनी पत्नी सुशीला के आग्रह पर अपने बाल सखा भगवान कृष्ण से मिलने द्वारिका पहुंचे। भगवान कृष्ण सखा सुदामा को गले लगाकर ससम्मान राजमहल ले गए और अपने सिंहासन पर बैठा कर आंसुओं से सुदामा का दोनों पैर पखारे भली प्रकार से सम्मान व आवभगत कर प्रेम में पागल होकर भगवान ने तीन मुट्ठी चावल के बदले भक्त सुदामा की दरिद्रता को दूर कर धन, वैभव, यस, कीर्ति से मालामाल कर दिए। कथा व्यास ने कहा हर मनुष्य को भगवत प्रेम व गरीबी का अनुसरण करना हो तो भक्त सुदामा व पत्नी सुशीला की करनी चाहिए। उन्होंने कहा जब भी भक्तों पर विपदा आ पड़ी है प्रभु उनका तारण करने अवश्य आए हैं। सच्चे मन व हृदय से भगवत कथा के श्रवण से मनुष्य का जीवन धन्य होकर आत्मा और परमात्मा का मिलन संभव होते जीवन की मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। कथा विश्राम पर मुख्य यजमान चिंतामणि शुक्ला, बृजेश शुक्ला, आनंद शुक्ला एवं प्रशांत शुक्ला आदि भक्तों द्वारा व्यास पीठ, भागवत भगवान तथा आवाहित देवी देवताओं की आरती उतारी गई। तत्पश्चात भक्तों में प्रसाद का वितरण हुआ। इस अवसर पर प्रमुख रूप से त्रियुगी नारायण शुक्ला, डॉक्टर दीनानाथ शुक्ल, उमाकांत शुक्ला, जगदीश शुक्ला, राम शिरोमणि शुक्ला, जितेंद्र शुक्ला, सेठ सोहन लाल केसरवानी, वीरेंद्र कुमार सिंह, लवकेश मिश्रा, चन्द्रधर द्विवेदी, विजय कुमार तिवारी सहित भारी संख्या में भक्त श्रोता नर नारी कथा पंडाल में उपस्थित होकर कथा का हृदय से रसपान किया।

# एक्सपायर डेट खाद्य पदार्थों की बिक्री कोरांव में धड़ल्ले से

### दुकानदार ग्राहकों के जीवन से कर रहे खिलवाड़, अच्छी ब्रांड कंपनी के खट्टा मीठा नमकीन पैकेट में कीड़े मिले




**कोरांव।** इस समय थोक एवं फुटकर दुकानदारों के यहां नकली मिलावटी सभी खाद्य पदार्थों की तथा अवधि समाप्त समाग्रियो के बिक्री का कार्य बे खौफ जारी है, विक्रेता ग्राहकों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं किंतु खाद्य विभाग के निरीक्षक लोगों की लापरवाही और अपने कर्तव्यों का निर्वाहन न करने के कारण खुले आम बाजारों में सामग्रियां बेची जा रही हैं। बता दें कि नगर पंचायत कोरांव में इतवार को एक पत्रकार ने हल्दीराम ब्रांड का खट्टा मीठा नमकीन का पच्चास रूपए वाला पैकेट बैंक आफ बड़ौदा के निकट एक केराना की बड़ी दुकान से मंगवाया। जब पैकेट खोला और खाना शुरू किया तो उस पैकेट में कीड़े भागने लगे। जब कि कुछ कीड़े नमकीन के साथ पेट में भी चले गए। दुकानदार को खुला हुआ पैकेट कीड़े सहित जब वापिस किया और उसने स्वयं देखा तो शर्मिंदा हुआ,बोले एक्सपायरी डेट वाला पैकेट चला गया। फिलहाल इसी तरह से नगर से ले कर गांव गिरावों तक अवधि समाप्त खाद्य पदार्थों की बिक्री धड़ल्ले से जारी है। यह ग्राहकों के जीवन और स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। चर्चा है कि मार्केट में नियुक्त संबंधित विभाग के निरीक्षक गण माहवारी पाते हैं जिससे कोई एक्शन नहीं लेते। उप जिला अधिकारी कोरांव से आम जनों ने मांग किया है कि कोरांव में अवधि समाप्त हो चुकी खाद्य पदार्थों के बिक्री और मिलावटी सामग्रियों के बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए अचानक दुकानों पर छापे मारी करा कर ऐसे खाद्य सामग्रियों की ब्रमादगी किए जाने सैंपल लेकर जांच परीक्षण कराने विधिक कार्यवाही की मांग की है। जिससे मानव जीवन के लिए खतरनाक न हो।

## दवा कम्पनी के एरिया मैनेजर की जयपुर में हुई मौत,परिवार मचा कोहराम



**जसरा।** पत्रकार एसोसिएशन प्रयागराज के मेरठ जिला अध्यक्ष दुर्गेश मिश्र के छोटे भाई प्रकाश मिश्र उम्र 32 वर्ष निवासी सड़वा खुर्द,अपने गांव से जयपुर में फोर्ट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड दवा कंपनी में एरिया मैनेजर के पद पर जयपुर राजस्थान कार्यरत थे। 27 सितम्बर को काम करते हुए अचानक तबियत बिगड़ने लगी साथियों ने उनको जयपुर के नारायण अस्पताल में भर्ती कराया गया। अचानक शाम को करीब 7:00 बजे इलाज के दौरान डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शनिवार 11:00 बजे दोपहर को उनके पार्थिव शरीर को राजस्थान जयपुर से उनके निवास स्थान प्रयागराज के सड़वा खुर्द गांव ले आया गया।उसी दिन पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार संगम दारागंज के घाट पर किया गया।वही इस खबर को सुनते पत्नी सपना मिश्रा व बेटा अरुण मिश्र 9वर्ष का रो रो कर बुरा हाल है।

# श्रीकृष्ण की महारास लीला जीवात्मा और परमात्मा के मिलन की है लीला : अनुरंजिका

**कठौली गांव में संचालित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ भाग 6 में महारास एवं रुक्मिणी विवाह पर आधारित सुनाई गई कथा,श्रीकृष्ण रुक्मिणी की अलौकिक झांकी देख भाव विभोर हुए श्रद्धालु भक्त**






**मेजा।** कठौली गांव में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के छठवें दिन कथावाचिका डा अनुरज्जिका चतुर्वेदी ने अपनी मृदुल वाणी से महारास एवं श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह पर आधारित कथा सुनाई। जिसे सुनकर उपस्थित श्रोतागण भाव विभोर हो उठे और भक्ति के रस में लीन होकर झूमने लगे। उल्लेखनीय है कि बाबा भोलेनाथ के धाम काशी वाराणसी से पधारी मुख्य कथा व्यास डा अनुरंजिका चतुर्वेदी द्वारा सुनाई जा रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सुनने के लिए दूर दराज गांवों से भी भारी संख्या में श्रद्धालु भक्त पहुंच रहे हैं और श्रीमद् भागवत कथा श्रवण कर अपना जीवन धन्य कर रहे हैं। छठवें दिन महारास और श्रीकृष्ण रुक्मिणी की कथा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए डा अनुरंजिका ने उपस्थित श्रद्धालु भक्तों से कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की यह लीला सामान्य जनों की समझ से परे है। उन्होंने कहा यही कारण है कि कुछ सनातन विरोधी भगवान श्रीकृष्ण पर ओछी टिप्पणी करते हैं। उन्होंने कहा सच तो यह है कि महारास की लीला जीवात्मा और परमात्मा के मिलन की लीला है। उपनिषद, वेद, ब्रह्मसूत्र,के अनुसार कहें तो अथातो ब्रह्म जिज्ञसा से प्रारंभ यह जिज्ञासा की यात्रा में उनके स्वरूप को जानते हुए तत्वमसि और अहम ब्रह्मास्मी तक पहुंचना ही रास कथा का रहस्य है। कथा व्यास अनुरंजिक ने बताया कि रास कथा की इस पवित्र छवि को देखने के लिए स्वयं देवाधिदेव महादेव गोपी वेश उपस्थित होकर महारास लीला में शामिल होते हैं। इस बात को गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरित मानस में स्पष्ट किया है ईश्वर अंश जीव अविनाशी,चेतन अमल सहज सुखराशी। जो मनुष्य इस रहस्य को समझ लेता है वह सीयराम मय सब जग जानी करहूं प्रणाम जोरि जुग पानी,वह मुक्ति की ओर अग्रसर हो जाता है। तुलसीदास पुनः कहते हैं जानत तुमहि तुमहि होई जाई जिस ईश्वर की खोज में मनुष्य भटक रहा है वह मानव के अंदर ही है। डा चतुर्वेदी ने अगले व्याख्यान में रुक्मिणी हरण एवं कृष्ण विवाह का भव्य वर्णन किया। जिसका आनंद उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के पांव पखार एवं कन्यादान में सहभागी होकर लिया। इस दौरान भगवान कृष्ण रुक्मिणी की निकली गई अलौकिक झांकी देखने के लिए हर्षित मन से सभी ग्रामावासी टूट पड़े। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानों कृष्ण और रुक्मिणी साक्षात कठौली गांव में विराजनमान हैं। कथा के मुख्य यजमान सुभाषचंद्र शर्मा और श्रीमती सुषमा शर्मा रही। अंतिम दिन की कथा सुदामा चरित्र एवं पूणाहुति पर आधारित होगी।इस कथा के श्रवण हेतु कार्यक्रम के आयोजक ने सभी भक्त गणों से शाय 4 बजे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील किया है। इस मौके पर कठौली गांव के प्रधान प्रतिनिधि हरिशंकर शर्मा पप्पू भैया जी,बालेंद्र कुमार गौतम, भानु प्रताप गौतम, डा अनिल शर्मा,ज्योति प्रकाश शर्मा, जिया लाल केशरी, रमेश केशरी, कमलेश पांडेय, सचिन अवस्थी, जितेंद्र शर्मा, नरेंद्र शर्मा तथा श्रीरामेश शर्मा ,श्रीमती सविता शर्मा स्व जालेंद्र,शुभम शर्मा व श्रीमती अंकिता शर्मा, निशांत शर्मा,एवं प्रिया शर्मा आदि के अलावा गांव के कई अन्य सम्मानित संभ्रांत श्रोतागण प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## भू राजस्व निरीक्षक भू अतिचारी से लाचार दिखे, थाना दिवस में नायब तहसीलदार और इंस्पेक्टर के सामने बोले कोई नहीं सुनता

**कोरांव।** थाना संपूर्ण समाधान दिवस कोरांव में एक भू राजस्व निरीक्षक बड़ोखर दिनेश कुमार ने उस समय भू अतिचारियों से मना करते कार्यवाही करते थक जाने असहाय नजर आए जब नायब ने पूछा कि ग्राम सभा अल्हवा में कई बार शिकायतों और निर्देशित कार्यवाही के बावजूद चक मार्ग से अतिक्रमण नहीं हटा, तो उत्तर दिया कि कई बार मैने अतिचारी से बोला किंतु कोई डरता ही नहीं। दरअसल ग्राम सभा प्रधान अल्हवा ने कोटेदार अल्हवा द्वारा चक मार्ग संख्या 1035 पर अवैध कब्जा कर निर्माण कर लिए जाने की शिकायत कई बार उच्च स्तर से ले कर थाना और तहसील दिवस आदि में की थी। जिससे मनरेगा से बन रही सड़क का निर्माण कार्य बाधित है। इस सिलसिले में कई बार कानूनगो,लेखपाल प्रधान ने अतिक्रमण हटाने को कोटेदार लाल बहादुर पाल से कहा किंतु कोटेदार अतिक्रमण हटाने को तैयार ही नहीं हो रहा। कानूनगो का कहना था कि कई बार कह चुका जब कोई बात माने तब न। इसप्रकार भू अतिचारियों से राजस्व विभाग के लोग असहाय लाचार दिख रहे।

**एसडीएम आकाछा सिंह ने चकमार्ग खाली कराने का दिया आदेश :**

वैसे जब समाधान दिवस में एसडीएम आकांच्छा सिंह पहुंची और उनसे ग्राम प्रधान ने कोटेदार द्वारा खुद सरकारी चक्मार्ग पर अवैध निर्माण कर लिए जाने की जानकारी दी तो एसडीएम ने गंभीरता से लिया। और नायब तहसीलदार कोरांव को राजस्व,पुलिस बल की टीम बना कर अवैध कब्जे खाली कराने का आदेश दिया। किंतु साल भर होने चला पर कोटेदार ने अतिक्रमण नहीं हटाया यह राजस्व प्रशासन के लिए एक चुनौती से कम नहीं। फिलहाल तत्कालीन एसडीएम के हुक्म पर तत्कालीन तहसीकदार ने टीम के साथ सीमांकन कर अतिक्रमण हटाने को बोला था किंतु अभी तक कोटेदार नहीं माना। किंतु ग्राम प्रधान अल्हवा शहजादे का कथन है कि कोटेदार चाहे तो तत्काल पुनः चकमार्ग की पैमाईस करा सकता है और अतिक्रमण हटाने के लिए लिखित रूप से एक सप्ताह का समय भी ले सकता है। जिससे कि उक्त पाल बस्ती की मनरेगा से बन रही कोटेदार आदि की सुविधा के लिए सड़क का निर्माण कार्य फाइनल हो सके।

# पुरानी पेंशन के समर्थन में 2 अक्टूबर को कैंडल मार्च, बैठक संपन्न

अखंड भारत संदेश

**लालगोपालगंज।** प्रदेश के कार्मिकों-शिक्षकों के संयुक्त संगठन, संयुक्त संघर्ष संचालन समिति ने पुरानी पेंशन बहाली अभियान के तहत प्रदेश के शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए ओपीएस एवं समाप्त किए गए भत्तों की बहाली की मांग दोहराते हुए आगामी 2 अक्टूबर (गांधी जयंती) पर पूरे प्रदेश के जनपद मुख्यालयों पर गाँधी प्रतिमा तक कैंडल मार्च निकालकर प्रदेश के मुख्यमंत्री को 13 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन भेजने का फैसला किया है। संयुक्त संघर्ष से संचालन समिति के महासचिव आर के निगम एवं संयुक्त संयोजक अरुणेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में लखनऊ के

## मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजने का संयुक्त संघर्ष संचालन समिति ने लिया फैसला, पुरानी पेंशन, शिक्षक एवं कर्मचारियों के बंद किए गए भत्ते की बहाली की जाए



मीराबाई मार्ग स्थित राज्य कर कार्यालय में संपन्न कार्य समिति की बैठक में यह फैसला लेते हुए घोषणा की गई कि शिक्षकों, कर्मचारियों को ओपीएस से कम कुछ भी स्वीकार नहीं है। इसके साथ बैठक में प्रदेश के शिक्षा मित्रों, अनुदेशकों को आईसीडीएस की मुख्य सेविकाओं- लिपिकों आदि के नियमितीकरण को योजना लागू करें और नियामत होने तक मानदेय में वृद्धि कर न्यूनतम रुपया 18 हजार व अवकाश आदि सुविधाएं दी जाएं। पेशेंट विसंगत समाधान संघर्ष मोर्चा के प्रदेश संयोजक तारकेश्वर शाही एवं मनोज राय तथा राज कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के संगठन मंत्री अभय कुमार सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष आरके वर्मा, अध्यक्ष क गुप्ता, पीएसपीएसए के जिला संयोजक दयाशंकर भारतीय तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश कुमार वर्मा तथा प्रांतीय संयोजक पंकज यादव, प्रांतीय मीडिया प्रभारी दिनेश सिंह आदि रहे।

# युवती सोने की अंगूठी पासबुक लेकर युवक के संग फरार मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** एक युवती घर का दो अंगूठी,बैंक का पासबुक, आधार कार्ड आदि लेकर गांव के युवक के संग फरार हो गयी।भाई ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बोडीपुर धरौता निवासी एक युवक का आरोप है कि उसकी बहन उम्र 21 वर्ष पडोसी युवक के संग फरार हो गयी। युवक का आरोप है कि 13 सितम्बर को दोपहर में जब घर पर कोई नहीं था तो उसकी बहन दो सोने की अंगूठी, पासबुक, आधार कार्ड आदि लेकर पडोसी युवक शिवकुमार सरोज पुत्र हृदय लाल के संग भाग गयी। कई जगह तलाशने के बाद न मिलने पर रविवार को बहला फुसलाकर झांसा देकर शिव कुमार सरोज पर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# कुंभ मेला अधिकारी व डीएम ने निर्माण कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** कुंभ मेलाधिकारी विजय किरन आनंद एवं जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने रविवार को महाकुंभ के दृष्टिगत कराये जा रहे निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। कुंभ मेला अधिकारी एवं जिलाधिकारी ने श्रृंगवेरपुर धाम में चल रहे निषाद राज पार्क व पर्यटन स्थल के निर्माण कार्य एवं गंगा एक्सप्रेस-वे के निर्माण कार्य की प्रगति जानी। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए हैं।



# मुकुट पूजन के साथ श्री अवंतिका रामलीला का शुभारंभ हुआ

**नैनी।** नैनी श्री अवंतिका रामलीला का शुभारंभ रविवार को मुकुट पूजन के साथ हुआ। फलाहारी बाबा आश्रम के महंत स्वामी राम रतन दास जी महाराज ने वेद-ध्वनि के मध्य भगवान श्री राम, माता जानकी, लखन लाल एवं वीर बजरंगी के मुकुट का पूजन- अर्चन किया। पुरोहित की भूमिका भागवताचार्य राजेंद्र शुक्ल एवं धीरज मिश्र ने निभाई। मुकुट पूजन के उपरांत आस्था रामलीला टेलीकास्ट, मिजार्पुर के कलाकारों द्वारा नारद मोह की लीला का अत्यंत भाव पूर्ण मंचन किया गया। देवर्षि नारद के काम विजय के अहंकार का नाश करने के लिए भगवान श्री हरि विष्णु एक माया जनित नगर, एक राजकुमारी, राजकुमारी का स्वयंवर की रचना करते हैं। नारद जी राजकुमारी पर मोहित हो जाते हैं और अपनी सारी मयार्दा त्याग उससे विवाह करने के लिए भगवान श्री हरि विष्णु से सुंदर रूप मांगते हैं। भगवान विष्णु उन्हें वानर रूप दे देते हैं और स्वयं स्वयंवर में जाकर राजकुमारी से विवाह कर लेते हैं। नारद जी क्रोधित होकर भगवान विष्णु को नारी विरह का श्राप दे देते हैं। भगवान के द्वारा अपनी माया समेट लेने पर जब नारद जी को वास्तविकता का भान होता है तो वह भगवान विष्णु से क्षमा याचना करते हैं। रामलीला में प्रमुख रूप से बी बी दुबे, अवधेश पांडेय, बी बी सिंह, आर के शुक्ला, अंबरीश दुबे, मीना पांडेय, जयशंकर मिश्रा, वी के शुक्ला, गुड्डू सिंह, राम गोपाल शंखधर, गुड्डू तिवारी, गोविंद दुबे, राकेश त्रिपाठी, राधेश्याम तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# क्षेत्र में अत्याधिक वर्षा के करण नगर आयुक्त ने किया औचक निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज चन्द्र मोहन गर्ग द्वारा अत्याधिक तेज बारिश होने के करण नगर के विभिन्न क्षेत्रों नवाबयूसुफ रोड, कमलानेहरू रोड मेडिकल कालेज चौराहा, दरभंगा कालोनी, जार्जटाउन लिडिल रोड, अमरनाथ झा मार्ग, टैगोर टाउन, एलआईसी रोड, अल्लापुर, डडिया नाला, परेड मिन्टोपार्क रोड, कीडगंज तथा बैरहना आदि क्षेत्रों में जल भराव का औचक निरीक्षण किया गया, इस दौरान जार्जटाउन लिडिल पर पम्प चलते हुए पाये गये। अत्याधिक तेज बारिश के कारण जलजमाव काफी अधिक पाया गया।



नगर आयुक्त द्वारा जल जमाव का कारण पूछे जाने पर सम्बन्धित अवर अभियन्ता राम सक्सेना ने बताया कि गया कि वर्तमान समय जो नाला बाना हुआ है पम्प के माध्यम से नाले से पानी निकाला जाता है यदि लिडिल रोड से संगम पेट्रोल पम्प तक गहरे नाले का निर्माण करा दिया जाए तो बिना पम्प के पानी निकल जाएगा। इसपर नगर आयुक्त द्वारा इस रोड पर नाले के सर्व का कार्य कराये जाने तथा प्रस्ताव हेतु मुख्य अभियन्ता तथा अधिशाषी अभियन्ता को निर्देशित किया गया। इसी के साथ ही नगर आयुक्त द्वारा एल0आई0सी0 रोड होते हुए डंडिया नाला तक निरीक्षण किया गया यहाॅ पर भी जल भराव से आर रही समस्याओं के बारे में सम्बन्धित अवर अभियन्ता से पूछने पर बताया गया कि 80 फिट रोड अल्लापुर बुलेट एजेन्सी के सामने रेलवे लाइन पार करके पाइपलाइन डाल दिया गया यहाॅ पर भी 30 मीटर गहरे नाले के निर्माण कर-के जोड दिया जाए तो पानी निकलने में आसानी होगी साथ ही एल0आई0सी रोड के नाले पर लोड भी कम हो जायेगा। इसपर भी नगर आयुक्त द्वारा नाले के निर्माण हेतु सर्व का कार्य कराये जाने तथा प्रस्ताव हेतु मुख्य अभियन्ता तथा अधिशाषी अभियन्ता को निर्देशित किया गया। अल्लापुर 80 फिट रोड, बाद्यम्बरी गद्दी रोड तथा मालवीय जी के नालो पर कर्मचारियों द्वारा नाले की जाल की सफाई करायी जा रही रही थी जिससे पानी निकलना भी आरम्भ हो गया था, इसी के साथ ही सम्पूर्ण क्षेत्र में जोनल अधिकारियों तथा सफाई एवं खाद्य निरीक्षको 'को निर्देशित किया गया कि पानी निकलने के पश्चात साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराते हुए कीटनाशक दवाओं आदि का भी छिड़काव कराया जाना सुनिश्चित करें ताकि क्षेत्रों का जनजीवन सामान्य हो सके एवं किसी प्रकार की संक्रामक बिमारी फैलने पायें।

सम्पूर्ण निरीक्षण के दौरान पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया कि नवाबयूसुफ रोड, कमलानेहरू रोड मेडिकल कालेज चौराहा, दरभंगा कालोनी, जार्जटाउन लिडिल रोड, अमरनाथ झा मार्ग, टैगोर टाउन, एलआईसी रोड, अल्लापुर, डडिया नाला, परेड मिन्टोपार्क रोड, कीडगंज तथा बैरहना क्षेत्र में पशुपालकों को नोटिस निर्गत कर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए आवरा विचरण कर रहे जानवरों को हटाया जाना सुनिश्चित करें।

# ठगी के डेढ़ लाख पुलिस ने वापस कराये




अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** थाना क्षेत्र में ऑनलाइन ठगी की शिकार हुई महिला का झूंसी पुलिस ने पूरा पैसा वापस कराया तो उसके चेहरे पर खुशी झलक उठी। थाना प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि आठ माह पहले भातकार नीबी की कल्पना यादव के साथ ऑनलाइन फ्राड हुआ था। साइबर शातिरो ने कल्पना के खाते से 1 लाख 74 हजार रुपये निकाल लिए थे। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर उसके खाते से कटे हुए पैसे को बैंक में होल्ड करा दिया। साइबर सेल व निरीक्षक ओम प्रकाश यादव, कम्प्यूटर ऑपरेटर मनोज यादव के प्रयास से पीड़ित के खाते में कटे हुए पैसे वापस कराये गए। पीड़िता ने बताया कि उसने उम्मीद छोड़ दी थी कि उसके पैसे वापस आएंगे।

# एसआरएन में डाक्टर की मौत का मामला : सुबह से रात तक कहां थे डॉक्टर, पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी फुटेज

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** घटना के बाद मौके पर जुटे जूनियर डॉक्टरों में इस बात की चर्चा रही कि सुबह एक बार डॉक्टर कार्तिकेय को एसआरएन अस्पताल परिसर में देखा गया था। हालांकि, वह ड्यूटी पर नहीं पहुंचे।साथी डॉक्टरों ने संपर्क करने का प्रयास भी किया था। लेकिन, उनसे बात नहीं हो पाई। इसके बाद घटना की जानकारी होने तक उनका कुछ पता नहीं चला। पुलिस की एक टीम एसआरएन अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने में भी जुट गई है। ताकि, यह पता लग सके कि डॉक्टर अस्पताल में कब आए और वाहन पार्किंग में कब पहुंचे। इसके लिए एसओजी को भी लगाया गया है।उधर, कहा जा रहा है कि डॉ. कार्तिकेय की मौत की




वजह पोस्टमार्टम के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। प्रारंभिक छानबीन में सामने आए तथ्य और परिस्थितिजन्य साक्ष्य आत्महत्या की ओर इशारा कर रहे हैं। बड़ा सवाल यह है कि अगर डॉक्टर ने खुद जान दी तो उन्होंने ऐसा क्यों किया। एक आशंका यह भी जताई जा रही है कि दवा के ओवरडोज के चलते उनकी मौत हुई।लेकिन, सवाल यह भी है कि डॉक्टर होने के बाद वह ज्यादा मात्रा में दवा का डोज क्यों लेंगे, जिससे उसकी जान को खतरा हो जाए। सवाल यह भी है कि अगर खुदकुशी ही करनी थी तो उन्होंने घर या अस्पताल के किसी कक्ष की बजाय कार को क्यों चुना।

**बहन जेल अधीक्षक, दो भाई भी हैं डॉक्टर :** डॉ. कार्तिकेय तीन भाई और एक बहन में दूसरे नंबर पर थे। उनके दो भाई अंकित और अक्षत भी डॉक्टर हैं और उनकी बहन अदिति जेल अधीक्षक के पद पर बिजनौर में तैनात हैं। घटना की जानकारी पर सभी प्रयागराज आने के लिए चल दिए थे।

**लॉक नहीं थी कार :** पुलिस सूत्रों के मुताबिक, जब जूनियर डॉक्टर वाहन पार्किंग में पहुंचे तो कार भीतर से लॉक नहीं थी। यही वजह थी कि पुलिस को घटना की जानकारी तुरंत दी गई।मेडिकल कॉलेज में साल भर में दूसरे डॉक्टर की खुदकुशी : जूनियर डॉक्टर की खुदकुशी की घटना के बाद मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एक बार फिर चर्चा में है। यहां महज साल भर के भीतर जूनियर डॉक्टर की आत्महत्या का दूसरा मामला है। पिछले साल 13 अक्तूबर को एमबीबीएस तृतीय वर्ष की छात्रा श्रुति श्रीवास्तव मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल में फांसी पर लटकी मिली थी। लखनऊ की रहने वाली श्रुति मेडिकल कॉलेज के गर्ल्स हॉस्टल में रहती थी। 13 अक्टूबर 2023 को वह हॉस्टल के ही अपने कमरे में फांसी पर लटकी मिली थी। पोस्टमार्टम में फांसी लगाने से मौत की बात सामने आई थी। बाद में पिता ने साथ पढ़ने वाली एक छात्रा पर ही प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। हालांकि, उन्होंने थाने में कोई तहरीर नहीं दी थी।

# बाबा साहब आंबेडकर रोजगार प्रोत्साहन के आवेदकों का चयन के सम्बन्ध में साक्षात्कार आज

**मांडा।** विकास खण्ड मांडा मुख्यालय अन्तर्गत ₹बाबा साहब आंबेडकर रोजगार प्रोत्साहन योजना₹ के अन्तर्गत नये प्रोजेक्ट के चयन एवं निर्माण, क्रियान्वयन, अनुश्रवण तथा मूल्याकन इत्यादि के लिए जिलास्तरीय चयन एवं क्रियान्वयन समिति का गठन किया गया है। जिसमे आवेदकों के चयन के सम्बन्ध में साक्षात्कार हेतु सभी सदस्यों का 30 सितम्बर 2024 को 12 बजे विकास भवन प्रयागराज के सभागार में निर्धारित किया गया है। उक्त जानकारी एडीओ (आईएसबी) जैनेन्द्र राव ने देते हुए चयनित अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में निर्धारित समय पर उपस्थित होने की अपील की हैं।

## न्यूज झरोखा

# नैनी श्रमिक बस्ती समिति ने दिया धरना




**नैनी।** नैनी श्रमिक बस्ती के आवासों का मालिकाना अधिकार दिए जाने तथा श्रमिक बस्ती राजकीय श्रम हितकारी केंद्र से पीएसी का अवैध कब्जा हटाने की मांग को लेकर श्रमिक बस्ती समिति के तत्वावधान में आज मानस पार्क में धरना दिया गया। धरना स्थल पर प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी की। केंद्र सरकार के आदेशानुसार मालिकाना अधिकार दिए जाने की मांग की गई। धरना देने वालों में मुहम्मद शाहिद, अजमत हुसैन, अरुणा पाण्डेय, सत्येन्द्र यादव, रजनीश मिश्रा, अनूप श्रीवास्तव, नितिन गहरवार, शिशु त्रिपाठी, उमानंद मिश्रा, दुर्गा तिवारी, राधिका देवी, कमला देवी, अंजू गुप्ता, अलका मिश्रा, अनीता सिंह आदि निवासी गण उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक नीलम करवरिया के असमय निधन पर समाजसेवी रामकृष्ण त्रिपाठी ने जताया दुःख



**मेजा।** तहसील क्षेत्र के उंचडीह मांडा गांव निवासी समाजसेवी पंडित रामकृष्ण त्रिपाठी ने प्रयागराज की यशश्वी एवं लोकप्रिय जन नेता तथा मेजा विधान सभा की पूर्व विधायक श्रीमती नीलम करवरिया के निधन पर गहरा दुख प्रकट करते हुए कहा कि श्रीमती करवरिया के निधन से मेजा के सम्पूर्ण प्राणियों को गहरा आघात लगा है,क्षेत्र के लोगों को उनकी कमी हमेशा खलेगी। श्री त्रिपाठी अपने समर्थकों के साथ श्रीमती करवरिया के असमय निधन पर दो मिनट मौन रहकर श्रद्धांजलि दिया और कहा कि मेजा क्षेत्र की महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत रही नीलम जी कांटो भरी राह पर चलकर परिवार की राजनैतिक विरासत को संभाला था और एक अच्छे जन नेता और पारिवारिक व्यवहार के लिए सदैव जानी जाएगी। इस दुनिया से उनका असमय जाना पार्टी,समाज , संगठन, शुभचिंतकों तथा उनके समर्थकों के लिए जहां काफी दुखद है वहीं सामाजिक और राजनैतिक क्षेत्र में भी भारी क्षति हुई है। समाजसेवी त्रिपाठी ने यह भी कहा श्रीमती करवरिया क्षेत्र विशेष की नहीं,बल्कि पूरे प्रयागराज जनपद की एक यशश्वी कर्मठ ईमानदार जुझारू नेता रही हैं उनकी कमी आम जनमानस को जरूर खलेगी। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा है कि उनकी दिवंगत आत्मा को प्रभु अपने स्वर्गलोक में स्थान दें तथा परिजनों को उनका वियोग सहने की शक्ति प्रदान करें।



# आश्रम में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में कृष्ण लीलाओं का वर्णन किया गया

**नैनी।** नैनी अरैल बांध रोड स्थित श्री फलाहारी बाबा आश्रम में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन रविवार को श्रीमद्भागवत कथा मर्मज्ञ मिथिलेश दास जी महाराज ने भगवान कृष्ण की अत्यंत मधुर बाल लीलाओं का वर्णन किया। यशोदा मां को अपने मुख में ब्रह्मांड दिखाना, पूतना वध, नाग नथैया, उंगली पर गिरि गोवर्धन धारण करना, माखन चोरी जैसी बाल कृष्ण की अलौकिक एवं प्रेम पूर्ण बाल लीलाओं का अत्यंत सुंदर वर्णन करके महाराज ने श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। कृष्ण की असीम करुणा का सजीव चित्रण करते हुए महाराज ने कहा कि जो पूतना अपने वक्ष पर विष लेपन कर कृष्ण को मारने आई थी, कृष्ण ने उसे मां मान कर देव दुर्लभ सद्गति प्रदान की। कथा में प्रमुख रूप से आश्रम के महंत स्वामी राम रतन दास, स्वामी राजा रामदास, सुख निधान शरण, जगदीश दास, मोहित शास्त्री, रमेश नेगी, वासुदेव चौरसिया, महापौर गणेश केसरवानी, आर के शुक्ला, उमेश चंद्र नेगी, हीरा सिंह, लालू कुशवाहा, सत्यम शुक्ला, डॉक्टर ए के राय, सुरेश चंद्र अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# उद्यान विभाग द्वारा बीज वितरण मेले में कृषकों को वितरित किये गये नि:शुल्क शाकभाजी बीज

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जनपद प्रयागराज में एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत संकर शाकभाजी बीज वितरण मेला कार्यक्रम का आयोजन अधीक्षक राजकीय उद्यान प्रयागराज के कार्यालय परिसर में रविवार को संपन्न हुआ। इस बीज वितरण मेला कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि कविता पटेल जिलाध्यक्ष भाजपा गंगापार द्वारा किया गया। इस अवसर पर कविता पटेल द्वारा कृषकों को फूलगोभी, पातगोभी, मसाला मिर्च, टमाटर, लौकी, तरोई तथा खीरा के संकर बीजों का वितरण भी किया गया।इस बीज वितरण मेले में जनपद के विभिन्न विकास खण्डो से लगभग 300 किसानो द्वारा प्रतिभाग किया गया तथा समस्त औपचारिकताओं पूर्ण करने के पश्चात कृषकों को विभिन्न फसलों के संकर बीज भी वितरित किये गये।इस अवसर पर जिला उद्यान अधिकारी प्रयागराज उमेश चन्द्र उत्तम ने उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं जैसे - एकीकृत बागवानी विकास मिशन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना,



प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना आदि के बारे में किसानों को विस्तार से बताया। जिला उद्यान अधिकारी द्वारा बताया गया कि किसानों को खेतों में अमरूद, आवंला, कटहल, करौंदा, पपीता आदि की बाग लगाने तथा खेत की मेड़ो पर फलदार पौधे लगाने, ड्रैगन फ्रूट, स्ट्राबेरी, सिंघाड़ा, मखाना, प्याज की खेती, ग्लैडयोलस, गेंदा आदि फूलों की खेती पर अनुदान दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त प्याज भण्डारण गृह, पैक हाउस, पाली हाउस, शेडनेट हाउस तथा छोटी खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों की स्थापना पर भी विभाग द्वारा अनुदान प्रदान किया जा रहा है। बागवानी से सम्बन्धित मशीनों जैसे पावर टिलर, छोटे ट्रैक्टर आदि पर भी विभाग से अनुदान प्राप्त हो रहा है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनान्तर्गत ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धतियों की स्थापना पर भी कृषकों को 65 से 90 प्रतिशत तक का अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। उप निदेशक उद्यान कृष्ण मोहन चौधरी द्वारा नर्सरी तैयार करने की विधि एवं उत्पादन की वैज्ञानिक तकनीकी के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। साथ ही यह भी बताया गया कि सैदाबाद स्थित राजकीय आलू प्रक्षेत्र में स्थापित हाईटेक नर्सरी में शाकभाजी पौध उत्पादन का कार्य प्रारम्भ हो गया है। इच्छुक कृषक इस हाईटेक नर्सरी से उच्च गुणवत्ता के पौधे न्यूनतम मूल्य पर प्राप्त कर सकते है। कार्यक्रम की मुख्य कविता पटेल द्वारा उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग से संचालित विभिन्न योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु किसानों को प्रोत्साहित किया गया। तथा उन्नत तरीके से खेती करने का आह्वाहन किया गया। कार्यक्रम का संचालन रणधीर सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, अध्यक्ष किसान उत्पादक संगठन मीरापुर सहसो द्वारा किया गया।

## गांधी जयन्ती पर होगी चमरूपुर में मजदूरों की चौपाल

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** गांधी जयन्ती के दिन दो अक्टूबर को दोपहर 12 बजे चमरूपुर के पंचायत भवन पर मनरेगा मजदूरों की चौपाल लगाने का निर्णय लोकपाल मनरेगा द्वारा लिया है। इसका निर्देश खण्ड विकास अधिकारी लक्ष्मणपुर को पत्र जारी कर लोकपाल मनरेगा समाज शेखर प्राण ने दिया है, जिसमें लोकपाल स्वयं प्रतिभाग कर मनरेगा मजदूरों के साथ विचार विर्मश कर उनकी यथास्थिति व उनकी व्यक्तिगत व सार्वजनिक समस्याओं से अवगत होगें। साथ ही ग्राम पंचायत चमरूपुर शुक्लान में अपेक्षित समस्त स्थलों का भ्रमण कर स्थलीय निरीक्षण भी करेंगे।

# गुरु का स्थान भगवान से भी बड़ाः सदर विधायक

## 37 शिक्षक-शिक्षिकाओं को किया गया सम्मानित



सम्मान समारोह में मौजूद सदर विधायक व शिक्षकगण।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ ने जिले के सभी ब्लाकों के 37 शिक्षक शिक्षिकाओं को सम्मानित किया। तुलसी सदन हादीहाल में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य रहे। उन्होंने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता होता है। बच्चों को सही गलत की सीख शिक्षक से ही मिलती है। तभी तो गुरु का स्थान भगवान से भी बड़ा बताया गया है।

समारोह में विशिष्ट अतिथि पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री नरेश कौशिक ने कहा कि एक शिक्षक बच्चों का भविष्य बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करता है। कार्यक्रम को संघ के जिलाध्यक्ष प्रयागराज विनोद पांडेय, महामंत्री प्रयागराज राजेंद्र अनुरागी ने भी संबोधित किया। जिला अध्यक्ष शाह आलम ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन आशुतोष मिश्र ने किया। इस अवसर पर महामंत्री राजेश सरोज, बिहार ब्लाक अध्यक्ष सुशील शुक्ल, अरुण सरोज, धर्मराज सिंह, डा. हीरालाल मौर्य, राजमणि यादव, ओमप्रकाश तिवारी आदि रहे। समारोह में जिन 37 शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान हुआ, उनमें कालाकांकर से नीलम सिंह व हरिहर सिंह, शिवगढ़ से कुंज बिहारी व नूरजहां, सांगीपुर से किरन सिंह व मार्तंड प्रताप सिंह, मानधाता से रमेश कुमार वर्मा व निर्मला पाल, कुंडा से विजय कुमारी व प्रमोद कुमार, पट्टी से कृष्ण कुमार शर्मा व सुनीता यादव, मगरौरा से विश कुमारी व गुलाब चंद्र मौर्य, बेलखरनाथ धाम से रश्मि मिश्रा व ओमप्रकाश मिश्रा, सदर से बसंत लाल सरोज व मानसी श्रीवास्तव, गौरा से मंजुला व ओमप्रकाश शुक्ला, आसपुर देवसरा से योगेश चंद्र शुक्ला व प्रभारानी, लक्ष्मणपुर से गौहरजहां व जयंती प्रसाद रावत, संडवा चंद्रिका से अजब विक्रम सिंह व सीता देवी, बिहार से अनीता यादव व कुंवर राम सिंह, लालगंज से राजा राम सरोज व उर्मिला शुक्ला, बाबागंज से राजनाथ शुक्ला व रविंद्र कुमार, रामपुर संग्रामगढ़ से सुधा मिश्रा व सुरेश चंद्र शामिल रहे। इसके अलावा जनपद स्तर से चयनित तीन अध्यापकों में राज्यपाल से पुरस्कृत रमा शंकर सरोज व पितामह यादव तथा उमेश कुमार पांडेय शामिल रहे।

# पट्टी के लाल को गवर्नर ने किया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश के राज्यपाल आनंदीबेन पटेल यूनिवर्सिटी में सर्वाधिक सर्वोच्च अंक पाने वाले पट्टी के लाल को सम्मानित किया है उन्हें प्रशस्ति पत्र तथा गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया।

जिस पर लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है। पट्टी तहसील क्षेत्र के सराय छिवलहा गांव के रहने वाले राजेश सिंह के बेटे सौरभ सिंह हरकोट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर में बीटेक के छात्र हैं। पूरे यूनिवर्सिटी में उन्होंने सर्वोच्च अंक प्राप्त किया ।जिस पर उन्हें उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने उन्हें सम्मानित किया। सफलता पर गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सौरभ सिंह के पिता राजेश सिंह तथा माता सुधा सिंह तथा बहन प्रीति सिंह मौजूद रही। उनकी इस सफलता पर उनकी इस सफलता पर पट्टी नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक जायसवाल, डाक्टर दया गुप्ता, गौरव श्रीवास्तव सभासद, प्रधान इंद्र धर दुबे उर्फ छोटे दुबे, संतोष ओझा, छेदीलाल सोनी, रंजीत जायसवाल, बनवारी लाल, राकेश कुमार, राधे श्याम, शब्बीर अहमद, शिव प्रताप केसरवानी, राहुल सिंह ,अरविंद सिंह ,रविंद्र सिंह, राज बाबू सहित कई लोगो ने हर्ष जताया है।

## तूफानी बारिश से कच्चा घर गिरा, गृहस्थी नष्ट

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पिछले तीन-चार दिनों की तूफानी बारिश से क्षेत्र में घरों के गिरने का सिलसिला जारी है जिसमें दबकर गृहस्थी का सामान ही नहीं नष्ट हो रहा है बल्कि गरीबों का आशियाना भी उजड़ जा रहा है, जिससे उनके सामने रहने की भी समस्या आ रही है। रानीगंज तहसील क्षेत्र के पिपरी खालसा, नौहर हुसैनपुर, मरुआन सहित कई गांवों में कच्चे घरों में रह रहे गरीब परिवारों की गृहस्थी इस तूफानी बारिश के दौरान तहस नहस हो गई तथा इन परिवारों को खुले आसमान के नीचे रहना पड़ रहा है। पिपरी खालसा गांव में राम प्रकाश मिश्रा का कच्चा घर धराशाई हो गया जिसमें राम प्रकाश अपने परिवार के साथ रहते थे तथा इसी घर में गृहस्थी के समान अनाज, बिस्तर, बक्सा, चारपाई आदि रखा था जो घर गिरने से खराब हो गया। राम प्रकाश मिश्रा ने बताया कि अभी तक उन्हें प्रधानमंत्री आवास नहीं उपलब्ध कराया गया है जिसके कारण वह अपने परिवार के साथ इसी कच्चे घर में रह रहे थे। रविवार को मौके पर पहुंचे लेखपाल शीतला प्रसाद सरोज ने अपनी रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दी है।

# मैहर जिले में हुए सड़क हादसे में जिले के तीन लोगों की मौत, दो घायल का अस्पताल में चल रहा इलाज

**अखंड भारत संदेश**



ट्रक व बस की भिड़ंत में उड़े बस के परखच्चे।

**प्रतापगढ़।** मैहर जिले के नादान देहात थाना क्षेत्र में आभा ट्रैवेल्स की बस खड़े ट्रक में टकरा गई जिससे बस में सवार नौ लोगों की मौत हो गई तथा दो दर्जन यात्री घायल हो गए। नौ लोगों की मौत में तीन लोग प्रतापगढ़ के शामिल हैं। यह खबर मिलते ही प्रतापगढ़ के परिजनों में कोहराम मच गया। बता दें कि जौनपुर से नागपुर के लिये आभा ट्रैवल्स की बस जा रही थी, तभी रास्ते में यह घटना घट गई।

बस दुर्घटना के बारे में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व त्रिभुवन विश्वकर्मा ने बताया कि थाना मैहर देहात, मध्य प्रदेश क्षेत्रार्न्तगत हुए सड़क दुर्घटना में बस एवं ट्रक के एक्सीडेन्ट में जिले के तीन निवासी थे,

जिसमें विश्व प्रकाश पाण्डेय पुत्र ज्ञान दत्त (38) पचरास थाना रानीगंज, लल्लू यादव पुत्र राम अवतार उम्र लगभग (60) वर्ष ग्राम-मलियाना टोला, प्रतापगढ़ सिटी व धीरज कुमार शुक्ला पुत्र मिथिलेश शुक्ला निवासी नंद कुमार का पुरवा बघवाई थाना महेशगंज, प्रतापगढ़ के निवासी थे। इसके अलावा अब्दुल रशीद पुत्र नासिर खान उम्र लगभग (22) वर्ष ग्राम-जगदीशपुर, तहसील-सदर, थाना-जेठवारा, जनपद-प्रतापगढ़ के निवासी हैं। उपरोक्त घटना में अब्दुल घायल हो गये थे। परिजनों द्वारा दूरभाष पर अवगत कराया गया कि प्राथमिक उपचार के उपरान्त अब्दुल को उपचार के लिए प्रयागराज लाया गया है। राजेश शुक्ला पुत्र बालकृष्ण शुक्ला उम्र लगभग (40) वर्ष ग्राम-सिधौली, तहसील-रानीगंज, थाना-फतनपुर, जनपद-प्रतापगढ़ के निवासी हैं। उपरोक्त घटना में श्री शुक्ला घायल हो गये थे, उनका पैर फ्रैक्चर हुआ है। प्रभावित द्वारा दूरभाष पर अवगत कराया गया कि प्राथमिक उपचार के उपरान्त वह अपने गृह जनपद प्रतापगढ़ वापस आ रहे हैं।

## अलग-अलग थानों से नौ वारण्टी को पुलिस ने दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी/पश्चिमी) तथा समस्त क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया गया है। अभियान के तहत प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा थाना कोतवाली देहात से दो, थाना अन्तू से एक, थाना पट्टी से एक, थाना जेठवारा से एक, थाना लालगंज से एक, थाना संग्रामगढ़ से तीन वारण्टी को गिरफ्तार किया गया। वांछित वारण्टी अभियुक्तों में सचिन पुत्र हरिश्चन्द्र निवासी पूरे चकई थाना कोतवाली देहात, अजय पुत्र हरिश्चन्द्र निवासी पूरे चकई थाना कोतवाली देहात, अजहर पुत्र शफीक निवासी कुआं थाना अन्तू, बब्लू पाल पुत्र जगदेव पाल निवासी ग्राम दशरथपुर थाना पट्टी, सर्वेश तिवारी पुत्र भानू प्रकाश तिवारी निवासी ग्राम पूरे भगत थाना जेठवारा, रामसकल पुत्र बाबूलाल निवासी ग्राम सांगीपुर थाना लालगंज, दयाराम प्रजापति पुत्र बचई निवासी ग्राम हिरई का पुरवा,मजरा बवलिया थाना संग्रामगढ़, नन्दलाल पटेल पुत्र गनेश निवासी ग्राम हिरई का पुरवा,मजरा बवलिया थाना संग्रामगढ व नन्हेंलाल पटेल पुत्र सतन निवासी ग्राम हिरई का पुरवा,मजरा बवलिया थाना संग्रामगढ शामिल हैं।

# रेहड़ी दुकानदारों की समस्या को लेकर एसडीएम कुंडा से मिले एमएलसी

### गोपाल भैया ने सॉफ्ट सोलूशन का दिया सुझाव

**अखंड भारत संदेश**



रेहड़ी दुकानदारों से मुलाकात करते एमएलसी गोपाल भैया।

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** कचेहरी रोड और डाकघर समेत पंचवटी के आसपास लगने वाली रेहड़ी दुकान पर राजस्व प्रशासन द्वारा की जाने वाली कार्यवायी से भयभीत दुकानदारों की समस्या को लेकर एमएलसी गोपाल भैया ने कुण्डा एसडीएम से आज डाक बंगले मे मुलाक़ात किया।

गोपाल भैया ने एसडीएम से कहा की रेहड़ी दुकानदारों की समस्या पर सहृदयता से विचार करने के बाद ही कोई कार्यवाई की जाए। उन्होंने कहा की रेहड़ी दुकानदार इसी से जीवन यापन करते है इसलिए कठोर कार्यवाई न की जाए। बताते चलें कि बढ़ते यातायात से आये दिन भगवन तिराहे से लेकर डाक बंगले चैराहे तक जाम लग जाया करता है। इस समस्या को देखते हुए एसडीएम कुण्डा ने रेहड़ी दुकानदारों को हटाने का फैसला किया। इस बात की भनक जब दुकानदारों को लगी तो सभी लोग राजा भैया के दरबार पहुचे। जनता दरबार मे पहुंची फरियाद के बाद आज एमएलसी गोपाल भैया कुण्डा पंहुचे और एसडीएम को डाक बंगले बुलाकर मुलाक़ात किया। एसडीएम से वार्ता के दौरान ये भी बात रखी गयी की दुकानदार निर्धारित सीमा मे अपनी दुकान लगाएंगे ताकि यातायात भी प्रभावित न हो और रेहड़ी दुकानदारों का धंधा भी चैपट न होने पाये।

# चोरी करने आए तीन लोगों ने की फायरिंग, एक गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** थाना लालगंज क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पंडित का पुरवा मजरे खैरापुरे छीमी में चोरी करने आए तीन व्यक्तियों द्वारा फायरिंग की गई है। इस सूचना पर पुलिस द्वारा मौके पर पहुंच कर जांच की गई तो पता चला कि गाँव के रामावतार के घर में खज़ाना मिलने की अफ़वाह उड़ी थी।

गाँव वालों को उसकी चोरी की आशंका थी इसलिए वो पहरेदारी कर रहे थे। गांव वालों ने देखा तो एक मकान के पास छुप गए। गांव वालों के ललकारने पर उनके द्वारा फायरिंग की गई जिससे गांव के ही रामदीन पुत्र बिंदा दीन प्रजापति उम्र करीब (55) वर्ष व उमेश पटेल पुत्र श्रीपाल उम्र करीब (28) वर्ष के हाथ में 12 बोर के छर्रे लगे हैं। सुरेश पटेल पुत्र पारसनाथ उम्र करीब (26) वर्ष के सर में हल्की चोट आई है, जिनका उपचार ज़िला अस्पताल प्रतापगढ़ में चल रहा है। घायलों की स्थिति सामान्य है। गांव वालों द्वारा वृंदावन मिश्रा पुत्र स्वर्गीय सदानंद मिश्रा निवासी खैरापुर छीमी व अन्य दो व्यक्तियों पर उपरोक्त फायरिंग का आरोप लगाया। वृंदावन मिश्रा को हिरासत में ले लिया गया है। उपरोक्त घटना के प्रत्येक पहलूओं की गहनता से जांच की जा रही है।

# पीएम के साथ पूरा राष्ट्र कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा हैः संतोष मिश्र

### बूथ संख्या-55 पर पीएम के मन की बात को भाजपाईयों ने सुना

**अखंड भारत संदेश**



प्रधानमंत्री के मन की बात को सुनते भाजपाई।

**प्रतागढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 114वें संस्करण कार्यक्रम में जिले के बूथ संख्या-55 पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किसान मोर्चा सन्तोष मिश्र के संयोजकत्व में रेडियो पर साधु दुबे मंडल प्रभारी, आशुतोष सिंह सभासद, बूथ अध्यक्ष विनय सिंह, शशि श्रीवास्तव, शिशिर श्रीवास्तव एवम विशाल सिंह सहित अन्य लोगों ने सुना।

मन की बात में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन, अपनी विरासत एवं भाषा संरक्षण पर भी जोर दिया। संथाली भाषा की चर्चा करते हुए कहा कि इस भाषा को बोलने वाले भारत नेपाल भूटान सहित देशों में लाखों जनजातियों के लिए इस भाषा को लिपिबद्ध करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण के लिए हो रहे काम के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम लगाने की मुहिम की सराहना की।उन्होंने बताया कि पौध रोपण में उत्तर प्रदेश प्रथम स्थान पर रहा। दूसरे पर गुजरात और तीसरे पर राजस्थान की चर्चा की। उन्होंने आगे कहा कि मेक इन इंडिया आज पूरे विश्व में अपने उत्पादों के लिए जाना जाने लगा है। इस दौरान वरिष्ठ बीजेपी नेता संतोष मिश्रा ने उपस्थित लोगों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रहित एवं समाज हित में जो भी कार्य किया है उनके साथ पूरा राष्ट्र कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। इसी का परिणाम है कि आज पूरे विश्व में भारत की सराहना हो रही है।

# लापरवाह थानेदारों को एसपी ने लगाई फटकार

### पुलिस लाइन सभागार में थानाध्यक्षों के साथ एसपी ने की क्राइम मीटिंग

**अखंड भारत संदेश**



थानाध्यक्षों के साथ मीटिंग करते एसपी डॉ अनिल कुमार।

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार ने जिले के सभी प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्षों के साथ पुलिस लाइन सभागार में क्राइम मीटिंग की।

इस दौरान एसपी ने क्षेत्र में अपराध कंट्रोल करने के लिए कड़े निर्देश दिए। इस दौरान कानून व्यवस्था को लेकर समीक्षा करते हुए एसपी ने बताया कि छोटी-मोटी घटनाओं को भी गंभीरता से ले जिससे छोटी-मोटी घटना बड़ी घटनाओं में तब्दील न हो सके।

उन्होंने कहा कि थाने में आने वाले फरियादियों के साथ पुलिस सही बर्ताव करें और फरियादियों को सम्मानजनक बैठाकर उनकी समस्या सुनकर निष्पक्षता से गुणवत्तापूर्ण जांच कराकर निस्तारण करें। इस दौरान एसपी ने जिले के कई लापरवाह थानेदारों को जमकर फटकार लगाई और लापरवाही बरतने पर कार्यवाही करने की चेतावनी भी दी। एसपी के फटकार से कई लापरवाह थानेदारों में हड़कंप मचा रहा। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय, सीओ लालगंज रामसूरत सोनकर सिंघम, सीओ सिटी शिवनारायण, सीओ सदर अमरनाथ गुप्ता, रानीगंज सीओ विनय प्रभाकर साहनी आदि मौजूद रहे।

## करैया नदी में स्नान करने गए युवक डूबा, कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** कंधई थाना क्षेत्र के कठार गांव के पास करैया नदी में स्नान करने गये तीन युवक पानी में डूब गये। इस दौरान डूब रहे दो साथियों को बचा लिया गया लेकिन एक युवक डूब गया। डूबा हुआ युवक राज सिंह पुत्र संजय सिंह बताया जा रहा है। साथियों के शोर मचाने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे लेकिन राज सिंह का पता नहीं चल सका। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस राहत कार्य में लगी हुई है।

# चित्रकला प्रतियोगिता में जान्हवी ने मारी बाजी

**अखंड भारत संदेश**



चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभागी बच्चे।

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के अंतर्गत जनता इण्टर कालेज, आलापुर कालाकांकर प्रतापगढ़ में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अन्तर्गत गंगा और उसकी सहायक नदियों के प्रति लोगों में जनजागरण बढ़ाने हेतु 30 बच्चों के मध्य चित्रकला प्रतियोगिता का शनिवार को विद्यालय परिसर में सफल आयोजन किया गया।

जिसमे पोस्टर कला के माध्यम से बच्चों ने अपना भाव ब्यक्त कियाप पोस्टर देखकर उपस्थित लोगों ने बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए सराहना किया, जिस पर तालिया बजाकर लोगों ने अभिवादन किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जान्हवी, द्वितीय स्थान अमीषा व तृतीय स्थान साक्षी पटेल ने प्राप्त किया विद्यालय प्रशासन की ओर से विजयी बच्चों को पुरस्कृत देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार सिंह ने बच्चों को स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताते हुए कार्यक्रम का समापन किया। जिसमे मुख्य रूप से मिलन तिवारी, नीलम शुक्ला, अर्पणा केसरवानी, रैंसी अग्रहरि, निधि यादव सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाए व कर्मचारी लोग ने सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का संयोजन क्षेत्रीय वनाधिकारी कालाकांकर व उनके सहयोगियों द्वारा किया गया।

## पश्यनाचार्य सत्य नारायण गोयनका की मनी 10वीं पुण्यतिथि

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भारत की आध्यात्मिक दर्शन व पुरातन ध्यान साधना को भारत ही नही अपितु वैश्विक स्तर पर स्थापित करने वाले विपस्सनाचार्य सत्य नारायन गोयनका की 11वीं पुण्य तिथि पर उनके प्रवास व प्रेरणा द्वारा स्थापित ऐतिहासिक सुगतानन्द बुद्ध विहार में उपासको व उपासिकाओ ने वर्षावास में अष्टशील अधिष्ठान साधको व आचार्यो के सानिध्य में सामूहिक ध्यान साधना व पालि भाषा पखवाड़ा के तहत पालि के संरक्षण व संवर्धन हेतु परित्राण पाठ व दीपदान कर अपनी कृतज्ञता व्यक्त किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्रीराम उमरवैश्य ने जनपद में उनकी स्मृतियों को याद करते हुए कहा कि सुगतानन्द बुद्ध विहार में ही गुरु सत्य नारायण गोयनका ने 1970 में चैदहंवा विपश्यना शिविर का आयोजन किया था जिसमें करीब 15 देशों के लोग शामिल हुए थे। उपासिका लीलावती ने कहा कि पूज्य गुरु न केवल विपश्यना साधना से धम्म के महत्व को सभी तक जन-जन तक पहुंचा साथ ही धम्मभाषा पालि के संरक्षण में भी उनकी महती भूमिका रही। संचालन कर रहे राकेश कनोजिया ने बताया कि जनपद में उनके 1970 के प्रवास व प्रेरणा से जनपद तत्कालीन उपमुख्यमंत्री पं0 लोकपति त्रिपाठी व वर्मा देश के राष्ट्रपति ऊनू द्वारा धम्म के साथ-साथ सुगतानन्द बुद्ध विहार, उपालि बुद्ध विहार व महुली स्थिति बुद्ध विहार को स्थापित किये गए। इस अवसर पर सुशील कुमार दद्दू, सी0पी0 राव, राम प्यारी, जितेंद्र बहादुर यादव, शोभा कन्नौजिया, सुरेन्द्र कुमार विमल, राजीव अनीता बौद्ध, मंयक, डा0 विजय सरोज, दिनेश लालती, रंजू संजय बौद्ध, दिनेश कुमार, विपिन कुमार, विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

## पेड़ घर पर गिरने से महिला घायल

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बरसात की आखिरी दिनों में हुई तेज बरसात से इलाके में जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है कहीं पर बरसात से लोग राहत महसूस करते नजर आ रहे हैं तो कहीं पर यही बरसात कहर बनकर टूट रही है। तिबीपुर निवासी मुकेश गौतम का कच्चा मकान बना हुआ है बीती रात घर के बगल स्थित विशालकाय महुआ का पेड़ मकान पर आ गिरा रसोई में खाना बना रही मुकेश की पत्नी सुनीता देवी उम्र 30 वर्ष घर के मलबे में दब गई चीज पुकार होने पर आसपास के बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर इकट्ठा होकर राहत बचाव के काम जुट गए।

# नैतिकता और अनुशासन से हुआ सेवादल का निर्माणः डॉ नीरज

### ध्वजवंदन कार्यक्रम का हुआ आयोजन



जिलाध्यक्ष डॉ नीरज त्रिपाठी को सेवादल की टोपी पहनाते महेन्द्र शुक्ल

प्रतापगढ़। उ0प्र0 कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष प्रमोद पांडेय के निर्देश पर रविवार को ध्वजवंदन कार्यक्रम अम्बेडकर चौराहे पर जिलाध्यक्ष महेंद्र शुक्ल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी ने की। सेवादल अध्यक्ष महेंद्र शुक्ल ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी को सेवादल की टोपी पहनाकर स्वागत किया।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि नैतिकता और अनुशासन से सेवादल का निर्माण हुआ। उन्होंने कहा कि मुहल्लों व गावों में जाकर सेवादल का गठन किया जाएगा। नगर अध्यक्ष ज्योति कुमार तिवारी ने कहा कि जल्दी ही बूथ स्तर पर सेवादल का निर्माण किया जाएगा। प्रदेश सचिव प्रेम शंकर द्विवेदी ने कहा कि प्रतापगढ़ में जल्दी ही सेवादल का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित होगा और लोगों को प्रशिक्षित किया जाएगा। भवानी शंकर दुबे ने कहा कि शीघ्र ही महिला सेवादल की स्थापना जनपद में कई जाएगी। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा0वी0के0सिंह, कोशाध्यक्ष वेदांत तिवारी, सेवादल उपाध्यक्ष राम रतन तिवारी, फतेह बहादुर सिंह, अभय तिवारी, आशुतोष तिवारी, मोनू मिश्रा, सुभम मिश्र सहित अनेक सेवादल जन मौजूद रहे।

# पूरी रात गायब रहने वाली युवती ने लगाया गैंगरेप का आरोप

**गैंगरेप करने वाले दो युवको ने बाइक से आधी रात के बाद युवती को वापस घर छोड़ दिया, पाँच सौ रुपए लेकर गायब रहने वाली युवती के परिजन ने शुरू किया दस लाख रुपए की डिमांड**




**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के एक चौराहे की एक युवती ने गैंगरेप का गम्भीर आरोप लगाकर पुलिस महकमे में तहलका मचा दिया है युवती दूसरे जिले की रहने वाली है और यहां अपने पति के साथ रहती है जबकि उक्त युवती बीते कई वर्षों से पूरी रात गायब रहने की अभ्यस्त है युवती धंधेबाज बताई जाती है और सेक्स रैकेट का संचालन करती है।

इस रैकेट में कई अन्य युवतियां भी शामिल है पांच पांच सौ रुपए लेने की बातचीत का ऑडियो भी वायरल हो रहा है आरोपी युवक का भाभी भाभी कह कर युवती से बातचीत का ऑडियो भी वायरल है दूसरी तरफ युवतियों ने 10 लाख रुपए वसूली की डिमांड आरोपी युवको से शुरू कर दिया है जिसका वीडियो वायरल हो रहा है इतना ही नही एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान युवती और युवक का कब अकेले में मिलने आने का वीडियो वायरल हो रहा है गैंगरेप का आरोप लगाने वाली युवती कह रही है आज जगराता हो रहा है बहुत भीड़ है मुलाकात का आज मौका नही मिलेगा कल मुलाकात कर लेंगे इस तरह के आडियो वीडियो वायरल होने के बाद गैंगरेप की कहानी पर सवाल खड़े है आरोपी युवको के परिवार के लोगो को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है प्रकरण में निष्पक्ष जांच कर गुनाहगारों को कठोर दण्ड दिया जाना और निर्दोषों का उत्पीड़न ना हो इस पर विशेष ध्यान रखने की जरूरत है वरना गलत लोगो का मनोबल बढ़ेगा। शिकायतकर्ता युवती का कहना है कि 18 सितम्बर की रात को उसके घर से बाइक से दूसरे गांव बुला कर ले जाने वाले युवको ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसे नग्न कर के उसके साथ गैंगरेप किया है और गैंगरेप करते हुए उसका वीडियो बना लिया युवती के मुताबिक उसके घर से बुलाकर दूसरे गांव में बन्द कमरे में गैंगरेप करने वाला युवक उसके घर पहले से आता जाता था और युवती उसको जानती पहचानती है उसके बाद गैंगरेप करने वाले दो युवक मोटरसाइकिल से आधी रात के बाद युवती को वापस उसके घर छोड़ गए युवती के घर आधी रात को पुलिस आने की बातचीत का ऑडियो वायरल हो रहा है आधी रात को घर आने के बाद युवती के मुताबिक उसने अपने पति से गैंगरेप की बात बताई और जब वह दूसरे दिन पति के साथ थाने जा रही तो उसका अश्लील वीडियो दिखा करके उसको ब्लैकमेल किया और थाने जाने से रोक दिया और उसके बाद 20 सितम्बर को दो बाइक से रात 11 बजे 4 लोग उसके घर फिर दोबारा वही बलात्कार करने वाले लोग पहुंचे और उसके पति की मौजूदगी में बुलाकर दो बाइक से एकांत में दूसरे गांव युवती को ले गए एक बार सामूहिक बलात्कार किए जाने के बाद युवती फिर बलात्कारियों के साथ आसानी से दूसरे गांव मोटरसाइकिल में बैठकर चली गई और हो हल्ला नहीं मचाया जब कि रास्ते मे बस्ती है और पुलिस वाहन में पुलिस के जवान भी रास्ते मे मौजूद रहते है युवती का कहना है कि आधी रात को उसके साथ फिर कई लोगों ने नग्न कर के गैंग रेप किया है और 2:00 बजे रात उसे मोटरसाइकिल से दोबारा वापस फिर उसके घर उसके साथ गैंग रेप करने वाले लोग छोड़ गए सवाल उठता है कि गैंगरेप करने वाले लोग इतने शरीफ थे कि गैंगरेप के बाद भी युवती को रात में अकेले नहीं छोड़ते थे और रात में बाइक से उसके घर तक पहुँचा जाते थे युवती की कहानी भी गजब है अब यह बड़ा सवाल उठता है कि गैंग रेप करने वालों का इतना साहस कहां होगा कि गैंग रेप करने के बाद युवती को सुरक्षित बाइक से उसके घर तक पहुँचाने जाएंगे दो बार गैंगरेप किए जाने के बाद युवती थाना पुलिस के पास पहुंची है मोबाइल कैमरा के सामने बयान देकर के युवती ने दो बार गैंगरेप की घटना का खुलासा किया है युवती द्वारा दिए गए बयान के वायरल होने के बाद हड़कम्प मच गया है सूत्रों की बातें को माने तो पीछे कई वर्षों से युवती पूरी रात गायब रहने की अभ्यस्त हो चुकी है और इस मामले में कई अन्य युवतियां भी शामिल है पूरी रात घर से गायब रहने वाली युवती से गैंगरेप की संभावना पर बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं।

## सिंघिया चौकी प्रभारी पर अधिवक्ता से अभद्रता कर 11500 रुपया छीनने का आरोप

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के सिंघिया चौकी प्रभारी पर अधिवक्ता की गाड़ी रोक कर चौकी के अंदर ले जाकर अभद्रता करने और जेब में रखा हुआ 11500 रुपया छीनने का आरोप लगा है,पीड़ित अधिवक्ता में डीएम मधुसूदन हुल्गी से इसकी शिकायत की है कोखराज थाना क्षेत्र के दरियापुर मझियावां निवासी अधिवक्ता बिंदेश्वरी प्रसाद ने बताया कि शुक्रवार की सुबह वह घर से बाइक लेकर कचहरी जा रहे थे। सिंघिया चौकी के सामने चौकी प्रभारी अतुल श्रीवास्तव ने रोक लिया और चौकी के भीतर ले गए। वहां उन्होंने उनसे अभद्रता की और जेब में रखा हुआ 11 हजार पांच सौ रुपया भी छीन लिया।

## मिनी बैंक से पैसा निकलकर पैदल जा रही महिला को बाइक सवार बदमाशों ने लूटा

**इस राहजनी से चरवा पुलिस पर उठ रहे सवाल, इलाके के लोग भयभीत**

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत फरीदपुर सुलेम गांव की रहने वाली एक महिला जब थाना क्षेत्र के चौराडीह बाजार के एक मिनी बैंक से पैसा निकलकर पैदल घर वापस लौट रही थी तभी दिनदहाड़े कुछ बाइक सवार बदमाशों ने पैदल जा रही महिला को रोड पर ही लूट लिया। इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है, लोगों में लूट की चर्चा है, लोगो में डर इस कदर हावी है की लोग रोड पर निकलने से डर रहे हैं। इस घटना से चरवा पुलिस की कार्यशैली सवालों के घेरे में है, अपराधियों के हौसले बुलंद हैं दिनदहाड़े लूट के कारण लोगों का पुलिस प्रशासन से विश्वास उठ गया है। गौरतलब है कि घटना दोपहर के समय हुई है तब भी बदमाशों को पुलिस का कोई खौफ नहीं बेखौफ होकर लूट की घटना को अंजाम देना कही न कही पुलिस प्रशासन की उदासीनता को दशार्ता हैं। मिली जानकारी के मुताबिक फरीदपुर सलेम गांव की रहने वाली मधु देवी पत्नी सालिकराम विश्वकर्मा अपने गांव से पैसे निकालने चौराडीह बाजार के एक मिनी बैंक में गई थी पैसा निकलकर वह पैदल ही वापस अपने घर लौट रही थी जैसी ही सुनसान सड़क के नरवा के पास पहुंची ही थी कि तभी उसका पीछा कर रहे दो बाइक से तीन बदमाश मुँह में कपड़ा बांधकर उसके पास आए और मधु देवी के मुताबिक जैसे ही बदमाश उसके पास रुके और उसके हाथ से उसका मोबाइल फोन छीनकर भाग निकले, उसका कहना है कि बदमाशों के पास काली रंग की मोटर साइकिल थी जिससे उसके साथ लूटपाट किया और लूटने के बाद वह तेजी से चायल की ओर बाइक से भाग निकले। मधु देवी ने बताया कि उसने शोर मचाया तो राहगीर और स्थानीय लोग इकट्ठा हो गए और उसने मौके से ही डायल 112 पुलिस को सूचना दिया तो पुलिस मौके पर पहुंची उसके बाद घटना की सूचना चरवा थाना प्रभारी और पुलिस को दिया अब देखना यह है की घटना के बाद चरवा पुलिस मामले में क्या कदम उठाती हैं।

## पत्रकार से अभद्रता करने पर इलेक्ट्रानिक मीडिया क्लब ने प्रदर्शन कर डीएम से की शिकायत

**कौशाम्बी।** जिला मुख्यालय में मंझनपुर कोतवाली प्रभारी ने खबर लिखने को लेकर पत्रकार से अभद्रता की है,अभद्रता से आक्रोशित इलेक्ट्रानिक मीडिया क्लब ने प्रदर्शन कर डीएम मधुसूदन हुल्गी से इसकी शिकायत की है, कार्रवाई नहीं किए जाने पर आंदोलन को चेतावनी भी दी है।इलेक्ट्रानिक मीडिया क्लब कौशाम्बी के सदस्य एवम सुदर्शन चैनल के पत्रकार अरविंद तिवारी के साथ कोतवाली मंझनपुर इंस्पेक्टर राज किशोर द्वारा खबरों के द्वेषभावना के चलते अभद्रता करने और दोबारा कोतवाली में घुसने पर पत्रिकारिता खत्म करने की धमकी देने के संबंध में इलेक्ट्रानिक मीडिया क्लब के अध्यक्ष अली मुक्तेदा के नेतृत्व में डीएम मधुसूदन हुल्गी को ज्ञापन सौंपा गया। डीएम ने इस मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# मुकदमा हारने पर दबंगो ने घर पर चढ़कर किया हमला

**एक युवक गंभीर घायल, बंदूक छोड़कर भागे हमलावर**



**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** दबंगों ने एक घर में घुसकर हत्या की कोशिश की।इस दौरान हमले में आवेश अहमद को गंभीर चोट आई है। हमलावर बंदूक,चाकू,लाठी डंडे से लैश थे।शोर सुनकर भीड़ जुटी तो हमलावर मौके पर बंदूक छोड़कर भाग निकले। दबंगों के हमले से घायल आवेश को परिजनों ने निजीअस्पताल में भर्ती कराया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल से मिली बंदूक जब्त कर जांच में जुट गई है। सरायअकिल थाना क्षेत्र के स्थानीय कस्बे के रहने वाले आवेश अहमद का अफजल, बशीर व ताज से करोड़ो की जमीन का मुकदमा चायल तहसील में नायाब तहसीलदार की अदालत में चल रहा था। 15 दिन पहले ही जमीन का फैसला आवेश के हक में आया तो विपक्षी बौखला गए। करोड़ो की जमीन हाथ से निकलने का मलाल विपक्षियों को सताने लगा। रविवार की सुबह अफजल, बशीर ताज अपने गुर्गों के साथ लाठी, चाकू और लाइसेंसी बंदूक लेकर आवेश के घर चढ़कर हमला बोल दिया।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।वही घायल का जिला अस्पताल ने इलाज चलनरहा है जहा उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

# एकजुटता ही किसी भी समाज के विकास की होती है कुंजी : सतीश नामदेव

**मुख्यालय स्थित पीएचसी के सामने नामदेव समाज का आयोजित हुआ स्वागत समारोह**



**कौशाम्बी।** मंझनपुर मुख्यालय के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप स्थित नामदेव समाज के कार्यालय में रविवार को मासिक बैठक के साथ-साथ स्वागत समारोह कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष न्यू प्रेस क्लब कौशाम्बी सतीश नामदेव रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुशील नामदेव ने तो अगुवाई चंद्रभान नामदेव ने किया। कार्यक्रम में सर्व प्रथम संत शिरोमणि नामदेव महराज के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सतीश नामदेव ने कहा कि जो समाज संगठित होता है वही विकास के पथ पर अग्रसर होता है। एकजुटता ही ऐसी चीज है जो समाज के विकास की कुंजी बनती है, ऐसे में उन्होंने समाज को एकजुट और संगठित होकर एक साथ एक बैनर तले काम करने के लिए आह्वान किया। इस दौरान केशलाल नामदेव कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नामदेव काकुत्स क्षत्रित महासभा ने कहा कि कौशाम्बी ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के साथ गैर प्रांतो में भी नामदेव समाज एकजुट होने का काम कर रहा है। जिलाध्यक्ष सुशील नामदेव ने कहा कि हमारा नामदेव समाज एकजुट होकर एक बैनर तले समाज के हित में कार्य कर रहा है। समाज की एकजुटता का ही परिणाम रहा है कि राजनैतिक पार्टियों में जगह मिलने लगी। कार्यक्रम में बोलते हुए संगठन के युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष चंद्रभान नामदेव ने कार्यक्रम में आए समाज के स्वाजातीय बंधुओं से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग जागरूक होकर मासिक के अलावा कहीं यदि जरूरत पड़ती है तो बड़ी संख्या पहुंचकर अपनी भागीदारी जरूर दर्ज कराएं ताकि समाज का उत्थान और विकास संभव हो सके। कार्यक्रम के दौरान समूचे जिले से आए नामदेव समाज के स्वजातीय बंधुओं ने अभी हाल ही में निर्वाचित हुए न्यू प्रेस क्लब कौशाम्बी के जिला उपाध्यक्ष सतीश नामदेव को माला पहनाकर जोरदार स्वागत एवं बधाई दिया कार्यक्रम को दीपक दर्जी, जिला महामंत्री संजीव नामदेव, कोषाध्यक्ष नर्बदा प्रसाद नामदेव, एडवोकेट विष्णु कुमार नामदेव, रामनरेश नामदेव पूर्व अवर अभियंता विद्युत, डा. मूलचंद्र, मनमोहन आदि लोगों ने सम्बोधित किया। इस दौरान गोकुल प्रसाद, प्रमोद कुमार, उरगेश कुमार, दिलीप कुमार, गयाप्रसाद, संजय कुमार, मुकेश कुमार, राजकरन, बीरेंद्र कुमार, सदन सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# शमशाबाद की बाजार की नीलामी में मनमानी

**कौशांबी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के शमशाबाद गांव की बाजार ग्राम पंचायत के अधीन लगती है और इस बाजार की नीलामी अधिकारियों के निर्देशन में ग्राम पंचायत द्वारा खुली बैठक में की जाती है लेकिन ग्राम प्रधान के प्रतिनिधि ने मनमानी तरीके से अपने लोगों को बाजार की नीलामी नियम विरुद्ध तरीके से कर के बाजार की वसूली की जिम्मेवारी सौप दी है जिससे ग्राम पंचायत का बड़ा नुकसान हुआ है गांव के राकेश कुमार केशरी पत्रकार ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया कि दिनांक 29-09-2024 को सुबह 11 बजे पंचायत भवन शमसाबाद में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजेश कुमार कसेरा पुत्र स्व0 रामचन्द्र कसेरा ने बिना किसी एजेन्डा के ग्राम पंचायत में दो दिन लगने वाली बाजार रविवार व गुरूवार का बिना भू राजस्व सचिव लेखपाल एंव ग्राम पंचायत के सचिव/सेक्रेटरी व ग्राम प्रधान अर्चना कसेरा के बिना मौजूदगी में मनमानी तरीके से नीलामी बोली बोलवाकर एक लाख 16 हजार रुपए में चोरी से बाजार को बेच दिया। जबकि बाजार की नीलामी पूर्व के वर्षो में उपजिलाधिकारी सिराथू व खण्ड विकास अधिकारी सिराथू की अनुमति के बाद खुली बैठक में लेखपाल व ग्राम पंचायत सचिव एजेन्डा बनाकर बाजार की नीलामी बोली का दिन व समय तय करते थे। जबकि बाजार की बोली से हुई आय का 50 प्रतिशत तहसील के कोष में व 50 प्रतिशत ग्राम पंचायत के कोष में जमा होता था। लेकिन ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने सभी सरकारी नियमो को ताक में रखकर बाजार को नीलाम कर दिया। वही वर्तमान में मुख्यमंत्री के द्वारा किसी भी तरह की तहबाजारी पर रोक लगा दी गई है। उपरोक्त प्रकरण की जांच कराकर उक्त मामले में नीलामी निरस्त करते हुए मनमानी करने वाले प्रधान प्रतिनिधि के विरूद्ध कडी कार्रवाई करने की मांग की गई है।

## थोड़ी सी मेहनत पुलिस कर ले तो रहीम के अपहरण की कहानी का हो जाएगा पदार्फाश

**23 लाख की ठगी के आरोप में जेल से जमानत पाने के बाद रहीम के अपहरण का पीड़ितों पर ही दर्ज हुआ मुकदमा**

**कौशाम्बी।** 20 दिन पहले रहीम के अपहरण के मामले में पुलिस थोड़ी सी मेहनत कर ले तो इस अपहरण के घटना की गुत्थी सुलझ जाएगी लेकिन अपहरण के 20 दिन बीत जाने के बाद भी हवा में तैर रहे साक्ष्य से पुलिस अनजान है अपहरण की घटना के 20 दिन बाद भी खुलासा न होने पर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हैं कोखराज थाना क्षेत्र के बघेलापुर गांव निवासी रहीम 10 सितंबर की सुबह बाइक लेकर घर से निकले अचानक रहस्यमय तरीके से वह लापता हो गए हैं उनका मोबाइल बन्द हो गया 20 दिन बाद भी उनका सुराग नहीं लगा उनकी अम्मी फातिमा ने बिना देखे सुने मंझनपुर पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके बेटे का अपहरण शाहवाज अहमद उनके पिता भाइयों सहित सात लोगों ने कर लिया है बाइक समदा पेट्रोल पंप के पास सुनसान स्थान पर लावारिस हालत में खड़ी अम्मी को मिली है बघेलापुर गांव से समदा पेट्रोल पंप के बीच दर्जनों स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं यदि रास्ते के सीसीटीवी कैमरा के फुटेज की पुलिस जांच कर लेती तो रहीम के अपहरण की घटना का खुलासा हो जाता रामपुर सुहेला गांव के पास अपहरण वाली रात लगभग 8 बजे रहीम किससे मिला अभी तक पुलिस उसको खोज नहीं पाई है यदि मुलाकात करने वाले लोगों की गतिविधियों मोबाइल काल डिटेल की पुलिस जांच कर उनसे कड़ाई से पूछताछ कर ले तो रहीम के अपहरण की कहानी का खुलासा हो जाएगा लेकिन अपहरण की घटना के बीस दिन बाद भी पुलिस उनसे पूछताछ नही करना चाहती जबकि अपहरण के एक आरोपी का मुंबई के अस्पताल में पहले से इलाज चल रहा है। इस घटना में गौरतलब है कि 10 ।मई 2018 को बैंक ऑफ बड़ौदा मूरतगंज की शाखा से रहीम और उनके परिजनों ने शहबाज के नाना कबीर उद्दीन पुत्र मोहम्मद इदरीश के बैंक खाते से 23 लाख रुपए से अधिक की रकम बैंक खाते से फर्जी हस्ताक्षर करके ठगी कर लिया था शहबाज अहमद पुत्र अतीक अहमद ने 24 नवम्बर 2018 को कोखराज थाना में रहीम समेत चार लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया था ठगी के बाद रहीम ने ट्रक खरीदी थी जो जब्त नही हुई मुकदमे में रहीम जेल जा चुका है जेल से जमानत पर बाहर है घटना को देखे सुने बगैर अम्मी फातमा द्वारा ठगी के पीड़ित शहबाज अहमद उनके पिता कबीर उद्दीन समेत 7 लोगों के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज कराए जाने के बाद रहीम के परिवार वालों पर भी सवाल खड़े हो गए हैं दूसरा सवाल है कि रहीम के गायब होने के बाद परिवार के लोग सीधा समदा कैसे पहुंच गए जहां खेत मे बाइक खड़ी थी कहीं ठगी के मुकदमे में पीड़ित परिजनों पर समझौते का दबाव बनाने के लिए रहीम के अपहरण की झूठी कहानी तो नही बनाई जा रही है जांच कर सच्चाई से पर्दा उठाना होगा।

## डीएम का निर्देश नहीं मानते नगर पंचायत चरवा पेट्रोल पंप संचालक

**कौशांबी।** बोतल में पेट्रोल देने पर जिलाधिकारी ने पूरी तरह से रोक लगाई है लेकिन निदेशों का पालन होता नहीं दिख रहा है कुछ रुपए कमाई की लालच में पंप संचालक अधिकारियों के निदेर्शों की धज्जियां उड़ाने में संकोच नहीं कर रहे हैं चायल तहसील क्षेत्र के नगर पंचायत चरवा में स्थित एक पेट्रोल पंप में जिला अधिकारी के निर्देश की धज्जियां उड़ाई जा रही है इंडियन ऑयल के इस पेट्रोल पंप में खुलेआम बोतल में पेट्रोल दिया जा रहा है पेट्रोल पंप की जांच करने वाले अधिकारी अंजान बने हुए हैं पेट्रोल ले जाने वाले लोग पेट्रोल का उपयोग कहां करते हैं यह जांच का विषय है इंडियन ऑयल कंपनी के अधिकारी भी पेट्रोल पंप संचालक की मनमानी पर रोक नहीं लगा पा रहे हैं। ग्राहकों की मानें तो इस पंप में मिलावट खोरी और नाप में कमी भी आम बात हो गई है नाप के समय मीटर जंप कर रहा है। सूत्रों की मानें तो मशीनों में चिप लगाई गई है लेकिन बांट माप अधिकारी से लेकर पूर्ति विभाग के अधिकारियों ने भी पंप की जांच कर अव्यवस्था में सुधार करने का प्रयास नहीं किया है।

# करारी के नेतानगर मोहल्ले में गंदगी का अंबार, संक्रमण फैलने का खतरा

**दलित बस्ती होने के कारण साफ सफाई व्यवस्था में चेयरमैन द्वारा किया जा रहा है भेदभाव**



**कौशांबी।** आदर्श नगर पंचायत करारी के नेतानगर मोहल्ले में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। नालियां चोक है। जगह जगह कूड़े का अंबार लगा हुआ है। कहीं कहीं नाली निर्माण नहीं होने से सड़कों पर नाली का गंदा पानी बह रहा है। जिससे संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा नजर आ रहा है। मोहल्ले वासियों का आरोप है की नगर पंचायत के चेयरमैन और उसके चमचे विकास कार्य और साफ सफाई के नाम पर आए सरकारी धन का बंदरबांट कर रहे हैं। मोहल्ले वासियों ने अपने आला अधिकारियों का इस ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए उचित साफ सफाई व नाली खडंजा को दुरुस्त करवाने की मांग की है। आपको बता दें की नगर पंचायत करारी के नेता नगर मोहल्ले के संगम का आरोप है की दलित बस्ती होने के कारण यहां भेदभाव किया जा रहा सफाई व्यवस्था खराब हो गई है। शिकायत करने जाने पर उन्हें आश्वासन देकर भगा दिया जाता है। साथ ही शांति अनीता, शमा देवी, कन्हई लाल और संतरा देवी ने सड़को पे जलजमाव, गंदगी और नाली चोक की समस्याएं बताई। कहा की बच्चे गंदे पानी से होकर गुजरते है तो उनका ड्रेस भी खराब हो जाता है। वहीं मोहल्ले की सभासद पिंकी गौतम ने बताया कि हफ्तों हो जाते हैं कोई भी सफाई कर्मी इधर नहीं आता। और जगह जगह गंदगी से संक्रमण फैलने का खतरा मंडरा रहा है। शिकायत के बावजूद भी मोहल्ले में उचित साफ सफाई नहीं होती है। मोहल्ले की सभासद ने आला अधिकारियों का इस ओर ध्यान आकृष्ट कराते जिम्मेदारों के खिलाफ जांच और कार्यवाही की मांग की है।

# न्यूज झरोखा

## आवारा जानवर से टकराने से फिरोजाबाद का व्यापारी गंभीर रूप से घायल



**कोखराज कौशांबी** फिरोजाबाद जनपफ के व्यापारी रॉयल गुटका का सेल्समैन महेश तिवारी वा भरवारी कस्बे के डॉलर रमेश साहू की दुकान पर आए थे आज वह रमेश साहू के साथी सुरेश विश्वकर्मा के साथ महेश तिवारी मोटरसाइकिल से सैनी जा रहे थे जैसे ही बाइक सवार कोखराज थाना क्षेत्र के कासिया पश्चिम हनुमान मंदिर के पास पहुंचे आवारा जानवर से बाइक सवार टकराकर सड़क पर गिर पड़े हैं जिससे बाइक में बैठे फिरोजाबाद के व्यापारी के सेल्समैन महेश तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं इस हादसे में बाइक चालक सुरेश विश्वकर्मा बाल बाल बच गए हैं हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस और एम्बुलेंस को दी गई सूचना मिलने के बाद मौके पर स्थानीय पुलिस और एम्बुलेंस पहुंची और एंबुलेंस के जरिए घायल सेल्समैन को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है घटना से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी नहीं मिल सकी है

## मंडी समिति की सड़क में गड्ढे से रोड बनी तालाब



**कौशांबी** जनपद मुख्यालय मंझनपुर नगर पालिका क्षेत्र के मंडी समिति नहर रोड में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं बारिश के दिनों में सड़क के गड्ढे में पानी भर जाता है जिससे आवागमन करने वाले लोगों को सड़क के गड्ढे दिखाई नहीं पड़ते हैं और लोग गड्ढे में गिरकर चोटिल हो जाते हैं सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे होने के चलते कभी भी बड़े हादसे हो सकते हैं लेकिन उसके बाद इन सड़क के गड्ढो को समतल नहीं किया जा रहा है बताया जाता है कि करीब 15 साल पहले यह सड़क बनी थी लेकिन इस सड़क की कभी मरम्मत नहीं हुई है जिससे सड़क की दुर्दशा की कहानी बताने की जरूरत नहीं है बारिश के महीने में सड़क में इतना बड़ा गड्ढा किसी भी समय बहुत बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है।

## क्षेत्र में बेखौफ तरीके से कट रहे फलदार हरे पेड़ मोटे वाले दीवान जी ले रहे पैसा



**कड़ा कौशाम्बी** कड़ाधाम थाना क्षेत्र के हब्बू नगर पुलिस चौकी अन्तर्गत गंगा नदी के तराई इलाके में फतेहपुर और कौशांबी के कई लकड़ी माफियाओ ने डेरा जमा लिया है और प्रतिदिन बेखौफ तरीके से फलदार हरे पेड़ को काट रहे हैं लकड़ी माफियाओं का कहना है कि पुलिस चौकी के मोटे वाले दीवान जी एक पेड़ का 1000 लेते हैं इस लेनदेन की आपसी बातचीत का वीडियो भी वायरल हो रहा है इलाके में लगातार फलदार हरे पेड़ काटे जा रहे हैं उन पर कार्रवाई नहीं हो रही है इतना ही नहीं वन विभाग के रिटायरमेंट राय साहब भी लकड़ी माफियाओ को संरक्षण दे रहे हैं और रिटायरमेंट के बाद भी वह विभाग में बैठे लकड़ी माफियाओं से सेटिंग कर अफसरों तक रकम पहुंचते हैं जिससे इलाके में फलदार हरे पेड़ की बेखौफ तरीके से कटान हो रही है असदपुर घाट के पास फिर एक विशाल सिरसा का हरा भरा पेड़ काटकर लकड़ी माफिया उठा ले गए हैं लेकिन लकड़ी माफिया पर कार्रवाई नहीं हुई है दिवान के कारनामे से पुलिस वर्दी बदनाम हो रही है और लकड़ी माफिया इलाके में फल फूल रहे है।

## पुलिस लाइन को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए चलाया गया स्वच्छता अभियान



**कौशाम्बी** अपर पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिदेशक के जीएसओ उत्तर प्रदेश के द्वारा प्रेषित पत्र, अध्यक्षा, वामा सारथी, उ.प्र. पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत 17.09.2024 से 02.10.2024 तक प्लास्टिक अपशिष्ट और कचरा प्रबंधन एवं कचरा मुक्त वातावरण बनाने तथा स्वच्छता संबंधी अभियान पुलिस लाइन परिसर में चलाया जा रहा है। इसी के क्रम में रविवार को एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में पुलिस लाइन में क्वार्टर गार्द, आदेश कक्ष, बैरक, मनोरंजन गृह, भोजनालय एवं अन्य स्थानों पर पुलिस कर्मियों द्वारा श्रमदान कर साफ सफाई करते हुए लाइन परिसर को पॉलिथीन मुक्त बनाये जाने का अभियान चलाया गया।इस अभियान के तहत सभी को स्वच्छता के महत्व के बारे मे जागरूक भी किया गया। स्वच्छता अभियान में प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन सहित अन्य पुलिस कर्मियों ने प्रतिभाग किया।

## संत निरंकारी द्वारा किया गया स्वैक्षिक रक्तदान

**कल्याणपुर कौशांबी** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 29 सितंबर को संत निरंकारी मंडल कोखराज कौशांबी के द्वारा स्वैक्षिक रक्त दान किया गया जिसमें कुल 43 रक्त दाताओं ने रक्तदान कर पुण्य का काम किया ।इस अवसर पर मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर हरि ओम कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ कर अपने उदबोधन में कहा कि रक्तदान करने के लिए बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए आप के रक्त देने से किसी की जान बच सकती है और आप पुण्य के भागीदार बन सकते है ।शिविर में मेडिकल कालेज के ब्लड बैंक के एचओडी डॉक्टर रवि रंजन सिंह अनिल कुमार काउंसलर,पीयूष शुक्ला एलटी शिवप्रताप सिंह एलटी गणेश शंकर दुबे,अनूप सिंह आदि कर्मचारी मौजूद रहे।अंत में सभी रक्त दाताओं को प्रशस्ति पत्र दे कर धन्यवाद दिया गया।

## संत शिरोमणि नामदेव की जयंती मनाएंगे दर्जी समाज

**कौशांबी।** संत शिरोमणि नामदेव की जयंती 26 अक्टूबर को समाजवादी पार्टी पिछड़ा प्रकोष्ठ द्वारा मनाए जाने का निर्णय लिया गया है महाराष्ट्र में दरजी परिवार में संत शिरोमणि नामदेव ने जन्म लिया था दीपक दरजी पिछड़ा प्रकोष्ठ समाजवादी पार्टी कौशाम्बी ने राष्ट्रीय महासचिव समाजवादी पार्टी को पत्र भेजकर जयंती मनाए जाने का अनुमति मांगी है।

## अधिशाषी अधिकारी के ऊपर लगा चहेते रिश्तेदार को ठेका देने का आरोप

**कौशांबी।** नगर पंचायत चरवा मे अधिशाषी अधिकारी द्वारा लगभग तीन वर्ष से अपने चहेते फर्म मेसर्स लाला सिंह इण्टरप्राइजेज पर करोड़ो रुपये का काम दिलाने का आरोप लगा है। शिकायत कर्ता ने आरोप लगाया है कि नगर पंचायत चरवा के अधिशाषी अधिकारी अपने रिस्तेदार/भाई राजीव सिंह उर्फ आर०के० सिंह को तीन वर्षों से ठेका देकर मालामाल कर रहे हैं। संतोष कुमार पुत्र स्व० सरजू नगर पंचायत चरवा मजरा उदारपुर का स्थायी निवासी है। संतोष कुमार जिलाधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर शिकायती पत्र देकर इस मामले की जांच कराए जाने की मांग की है। शिकायत कर्ता का आरोप है कि नगर पंचायत चरवा मे अधिशाषी अधिकारी द्वारा जो भी टेंडर निकाले जाते हैं वह टेंडर चाहे ऑफलाइन हो या फिर ऑनलाइन हो अधिक से अधिक काम का टेंडर अपने चहेते फर्म पर मैनेज करके मेसर्स लाला सिंह फर्म पर अपने रिस्तेदार/भाई को हिस्सेदार बनाकर अधिशाषी अधिकारी एवं उनका भाई मलाई काट रहे हैं। मेसर्स लाल सिंह की फर्म दूसरे के नाम से है जो कि पॉवर ऑफ अटानी श्री लल्ला सिंह यादव पुत्र धारा सिंह यादव नगर पंचायत के मजरा मदूकी के पास है। अधिशाषी अधिकारी चरवा फर्म के संचालक से सांठ - गांठ करके अपने रिस्तेदार/भाई को काम मे हिस्सेदार बनाकर मालामाल कर रहे है। लगभग तीन वर्षों में जितना टेंडर निकला है अधिक से अधिक टेंडर में मेसर्स लालासिंह में अधिशाषी अधिकारी की सहमति से काम मिलना होता है। काम होने के बाद अधिशाषी अधिकारी और चहेते ठेकेदार के बीच हिस्सा बटवारा होता है।

## सम्पादकीय

### सीडीएससीओ ने दवाइयों का गुणवत्ता परीक्षण किया

**भारत** में आम लोगों के स्वास्थ्य के साथ किस तरह खिलवाड़ हो रहा है, इसकी ताजा मिसाल सामने आई है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन यानी सीडीएससीओ ने दवाइयों का गुणवत्ता परीक्षण किया, जिसमें एक-दो नहीं बल्कि 53 दवाएं खरी नहीं उतरी हैं। परीक्षण में असफल होने वाली दवाओं में रक्तचाप यानी ब्लड प्रेशर, शर्करा यानी डायबिटीज, एसिड रिफलक्स और विटामिन की दवाइयां भी शामिल हैं। इसके अलावा सीडीएससीओ ने जिन दवाओं को फेल किया हैं उसमें बुखार उतारने वाली पैरासिटामोल/,दर्द निवारक डिक्लोफेनेक, एंटीफंगल मेडिसिन फ्लुकोनाजोल जैसी देश की कई बड़ी दवा कंपनियों की दवाएं भी शामिल हैं। ये सभी दवाएं मेडिकल टेस्ट में फेल हो गई हैं और इनके सेवन को सेहत के लिए नुकसानदायक भी बताया गया है। इन 53 दवाओं में से परीक्षण में नाकाम की सूची में अभी केवल 48 दवाओं का ही नाम सामने आया है। क्योंकि इसमें से 5 दवाइयां जो फेल हुई हैं उनकी निमार्ता कंपनी का कहना है कि ये दवाएं उनकी नहीं है। बल्कि उनके नाम से नकली दवा को बाजार में बेचा जा रहा है। जो दवाएं फेल की गई हैं उनमें सनफार्मा द्वारा निर्मित पैन्टोसिड टैबलेट भी है, जो अक्सर एसीडिटी रोकने के लिए दी जाती है।

सीडीएससीओ के इस परीक्षण ने लोगों के स्वास्थ्य की चिंता को और बढ़ा दिया है, क्योंकि एक तरफ दवाएं मानकों पर खरी नहीं उतरी हैं और दूसरी तरफ नकली दवाओं के बाजार में आने की भी खबर है। अभी तो केवल 5 दवाओं का नाम सामने आया है, हो सकता है नकली दवाओं के इस खतरनाक कारोबार में और दवाओं को भी बेचा जा रहा हो। स्वास्थ्य मंत्रालय नकली और परीक्षण में फेल होने वाली दवाओं की बिक्री और इन दवाओं को बनाने वालों पर कितनी सख्त कार्रवाई करेगा, इस बारे में अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। फिलहाल स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का दायित्व भी निभा रहे हैं, उन पर भाजपा के सदस्यता अभियान को सफल बनाने का जिम्मा है। हालांकि तीन दिन पहले आयुष्मान भारत 'प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजनाइ के छह बरस पूरे होने पर श्री नड्डा ने नरेन्द्र मोदी की इस पहल की तारीफ करते हुए कहा था कि यह योजना दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सेवा पहलों में से एक बन गई है। यह सभी नागरिकों, विशेष रूप से सबसे कमजोर लोगों के लिए समान स्वास्थ्य सेवा पहुंच प्रदान करने के लिए इस सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

स्वास्थ्य मंत्री को यह समझना होगा कि सरकार की प्रतिबद्धता प्रधानमंत्री के गुणगान करने से पहले काम करने से पूरी होगी। सीडीएससीओ ने दवाओं का परीक्षण किया और उसके नतीजे सामने आए, तो यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। वर्ना सेहत सुधारने के नाम पर नकली और असफल दवाओं का सेवन लोगों को और बीमार बना ही रहा था। चिंता की बात यह है कि असफल दवाओं में कई ऐसी दवाएं हैं, जिनका इस्तेमाल सबसे अधिक होता है। जैसे देश में करीब 220 मिलियन लोग हाई ब्लड प्रेशर से पीड़ित हैं इसी तरह 2021 में डायबिटीज मरीजों की संख्या 529 मिलियन थी।

# दवा कारोबार की अनैतिकता से बढ़ता जीवन संकट

– ललित गर्ग–

**केंद्रीय** औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने दवाइयों के क्वालिटी टेस्ट में 53 दवाओं को फेल कर दिया गया है। उनमें कई दवाओं की क्वालिटी खराब है तो वहीं दूसरी ओर बहुत सी दवाएं नकली भी बिक रही हैं। इन दवाओं में बीपी, डायबिटीज, एसिड रिफलक्स और विटामिन की कुछ दवाइयां भी शामिल हैं। इसके अलावा सीडीएससीओ ने जिन दवाओं को गुणवत्ता में फेल किया हैं उसमें बुखार उतारने वाली पैरासिटामोल, पेन किलर डिक्लोफेनेक, एंटीफंगल मेडिसिन फ्लुकोनाजोल जैसी देश की कई बड़ी फार्मास्युटिक्लस कंपनी की दवाएं भी शामिल हैं और इनको सेहत के लिए नुकसानदायक भी बताया गया है। निश्चित ही यह खबर परेशानी एवं चिन्ता में डालने वाली है। कैसी विडंबना है कि काफी समय से सरकारों की नाक के नीचे ये दवाइयां धड़ल्ले से बिकती रही हैं। गुणवत्ता के मानकों पर खरा न उतरने वाली दवाओं की सूची जारी होने से उन मरीजों की स्वास्थ्य सुरक्षा संबंधी चिंताएं बढ़ गयी हैं जो इन दवाओं का इस्तेमाल कर रहे थे। दुर्भाग्य से इस सूची में हाइपरटेंशन, डाइबिटीज, कैल्शियम सप्लीमेंट्स, विटामिन-डी3 सप्लीमेंट्स, विटामिन बी कॉम्प्लेक्स, विटामिन-सी, एंटी-एसिड, एंटी फंगल, सांस की बीमारी रोकने वाली दवाएं भी शामिल हैं। इसमें दौरे व एंग्जाइटी का उपचार करने वाली दवाएं भी शामिल हैं। ये दवाएं बड़ी कंपनियों द्वारा भी उत्पादित हैं।

रोगी इस उम्मीद में दवा लेते हैं कि इससे उनकी बीमारी ठीक होगी। लेकिन यह पता लगे कि जिन दवाइयों का वे सेवन कर रहे हैं वे दवा नहीं बल्कि जहर के रूप में बाजार में आ गई हैं तो क्या बीतेगी? हिंदुस्तान में आज लाखों लोगों को ये दवाएं जीवन-रक्षा नहीं दे रही है बल्कि मार रही है, इंसान का लोभ एवं लालच इंसान को मार रहा है। ऐसे स्वार्थी लोगों एवं जीवन से खिलवाड़ करने वालों को राक्षस, असुर या दैत्य कहा गया है जो समाज एवं राष्ट्र में तरह-तरह से स्वास्थ्य सुरक्षा के नाम पर मौत बांट रहे हैं। अमानक एवं गुणवत्ता में दोषपूर्ण पाई गई इन दवाओं में कई नामी कंपनियों की दवाएं भी शामिल हैं। अमानक पाई गई दवाइयों के ये मामले तो तब आए हैं जब पहले से ही दवाओं की गुणवत्ता तय करने के लिए कई सख्त प्रक्रियाएं होती हैं। इनमें कच्चे माल की जांच और निर्माण प्रक्रिया का निरीक्षण तक शामिल होता है। इसके बावजूद नामी दवा निमार्ता कंपनियों के



उत्पाद भी मानकों पर खरे नहीं उतरें तो यह माना जाना चाहिए कि कम लागत में ज्यादा मुनाफा कमाने के चक्कर में ये कंपनियां नैतिकता एवं मानवीयता को ताक पर रखने लगी है। यह कोई पहला मौका नहीं है जब दवाइयां गुणवत्ता के पैमानों पर खरी नहीं उतरी हैं।

आम लोगों के मन में सवाल बाकी है कि यदि ये दवाएं मानकों पर खरी नहीं उतरती तो इनके नकारात्मक प्रभाव किस हद तक हमारी सेहत को प्रभावित करते हैं। यह भी कि जो लोग घटिया दवाइयां बेच रहे थे क्या उनके खिलाफ कोई कार्रवाई की पहल भी हुई है? फिलहाल इस बाबत कोई जानकारी आधिकारिक रूप से सामने नहीं आई है। निस्संदेह, यह शर्मनाक है और तंत्र की विफलता को उजागर करता है कि शारीरिक कष्टों से मुक्त होने के लिये लोग जो दवाएं खरीदते हैं, वे घटिया हैं? बहुत संभव है ऐसी घटिया दवाओं के नकारात्मक प्रभाव भी सामने आते होंगे। इस बाबत गंभीर शोध-अनुसंधान की जरूरत है। चिंता यह भी कि यदि रैंडम सैम्पलिंग में ये दवाइयां पकड़ी नहीं जाएं तो इनकी खुलेआम बिक्री लोगों की सेहत पर खतरा बन कर मंडराती रहती हैं। एक तरफ सीडीएससीओ ने दवाओं की सुगम आपूर्ति के लिए अमरीका, ऑस्ट्रेलिया, जापान, कनाडा व यूरोपीय संघ के कुछ चुनिंदा देशों से आयातित दवाओं को नियमित नमूना परीक्षण से छूट दी है, वहीं देश के बाजारों में पहुंची दवा निमार्ता कंपनियों की दवाओं में मिलने वाली यह खोट हमारी छवि पर विपरीत असर डालने वाली है।

दवा परीक्षण में किसी भी स्तर पर लापरवाही अक्षम्य ही है क्योंकि दवा कारोबार में हेराफेरी का खेल लोगों की जान का दुश्मन बन सकता है। विडंबना देखिए कि ताकतवर और धनाढ्य वर्ग द्वारा संचालित इन दवा कंपनियों पर राज्य सरकारें भी जल्दी हाथ डालने से कतराती हैं। जिसकी कीमत आम लोगों को ही चुकानी पड़ती है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि मानवीय मूल्यों में इस हद तक गिरावट आई है कि लोग अपने मुनाफे के लिये पीड़ित मरीजों के जीवन से खिलवाड़ करने से भी नहीं चूक रहे हैं। व्यथित करने वाली बात है कि गुणवत्ता एवं मानक में फेल होने वाली दवाओं में पेट में इंफेक्शन रोकने वाली एक चर्चित दवा भी शामिल है। उल्लेखनीय है कि इसी साल अगस्त में केंद्र सरकार ने 156 फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन यानी एफडीसी दवाओं की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया था। दरअसल, ये दवाइयां आमतौर पर सर्दी व बुखार, दर्द निवारक, मल्टी विटामिन और एंटीबायोटिक्स के रूप में इस्तेमाल की जा रही थी। मरीजों के लिये नुकसानदायक होने की आशंका में इन दवाइयों के उत्पादन, वितरण व उपयोग पर रोक लगा दी गई थी। सरकार ने यह फैसला दवा टेक्निकल एडवाइजरी बोर्ड की सिफारिश पर लिया था। जिसका मानना था कि इन दवाओं में शामिल अवयवों की चिकित्सकीय गुणवत्ता संदिग्ध है। दरअसल, एक ही गोली को कई दवाओं से मिलाकर बनाने को फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन ड्रग्स यानी एफडीसी कहा जाता है। बहरहाल, सामान्य रोगों में उपयोग की जाने वाली तथा जीवनरक्षक दवाओं की गुणवत्ता में कमी का पाया जाना, मरीजों के जीवन से खिलवाड़ ही है। जिसके लिये नियामक विभागों की जवाबदेही तय करके घटिया दवा बेचने वाले दोषियों को कठोर दंड दिया जाना चाहिए। असल में इस तरह की दानवी सोच वाले लोग सिर्फ अपना स्वार्थ देखते हैं। ऐसे लोग धन-संपत्ति आदि के जरिए सिर्फ अपना ही उत्थान करना चाहते हैं, भले ही इस कारण दूसरे लोगों और पूरे समाज ही मौत के मुंह में जा रहे हो, यह मानवीय संवेदनाओं के छीजने की चरम पराकाष्ठा है। यह कैसी विडम्बना एवं विसंगतिपूर्ण दौर है जिसमें जिसको जहां मौका मिल रहा है, वह लूटने में लग हुआ है, यहाँ कोई भी व्यक्ति सिर्फ तब तक ही ईमानदार है जबतक उसको चोरी करने का या लूटने का मौका नहीं मिलता। हद तो तब है जब कई जगह जीवनरक्षक इंजेक्शनों की जगह नकली इंजेक्शन तैयार करने की खबरें भी आती रहती हैं। हम कितनें लालची एवं अमानवीय हो गये हैं, हमारी संवेदनाओं का स्रोत सूख गया है, तभी अपना ईमान बेच कर इंजेक्शन में पैरासिटामोल मिलाकर बेचने लगते हैं, हम तो अपनी तिजोरियां भरने के लिए जिंदा इंसानों को ही नोच रहे हैं, कहाँ लेकर जाएंगे ऐसी दौलत या फिर किसके लिए? यह कैसी मानवीयता है?

दवाओं की गुणवत्ता से खिलवाड़ दवा निमार्ता कम्पनियों का एक घिनौना, क्रूर एवं अमानवीय चेहरा ही है जो मनुष्य के स्वास्थ्य को चौपट कर रहे हैं। एक तो बीमारियों का कोई कारगर इलाज नहीं है, दूसरा इन बीमारी में काम आने वाली तमाम जरूरी दवाइयां लालची लोगों ने अमानक एवं दोषपूर्ण कर दी हैं। बढ़ती बीमारियां इन राक्षसों के कारण ही बेकाबू हो रही है। सरकारें इन त्रासद स्थितियों एवं बीमारी पर नियंत्रण पाने में नाकाम साबित हुई है। देश के लाखों लोग कातर निगाहों से शासन-प्रशासन की ओर देख रहे हैं कि कोई तो राह निकले।

सरकार का व्यवस्था पर नियंत्रण कमजोर होता दिख रहा है। आम आदमी जाए तो कहां जाये? विश्व को श्रेष्ठ, नैतिक एवं मानवीय बनने का उपदेश देने वाला देश आज कहां खड़ा है? आज इन मूल्यों एवं संवेदनाओं की दृष्टि से देश कितना खोखला एवं जर्जर हो गया है। आज भौतिक एवं स्वार्थी मूल्य अपनी जड़ें इतनी गहरी जमा चुके हैं कि उन्हें निर्मूल करना आसान नहीं है।

मनुष्य का संपूर्ण कर्म प्रदूषित हो गया है। सारे छोटे-बड़े धंधों में अनीति प्रवेश कर गई है। अमानक दवाओं का बढ़ता बाजार एक कलंक बनकर उभरा है। निस्संदेह यह संकट जल्दी समाप्त होने वाला नहीं है। ऐसे में सरकारों को दूरगामी परिणामों को ध्यान में रखकर रणनीति बनानी होगी।

# राहुल ने राजनीति को जनतांत्रिक बना दिया

– महात्मा गांधी

**नेता प्रतिपक्ष** राहुल गांधी ने 26 सितंबर को हरियाणा में असंध और बरवाला में दो चुनावी रैलियों को संबोधित किया। राहुल गांधी ने अपने भाषण में करनाल जिले के 8-10 साल के बच्चे देव के आंसुओं का बार-बार जिक्र किया। वह अपने पिता से मिलने के लिए बेताब है। लेकिन उसके पिता अमित मान अभी घर वापस नहीं आ सकते। राहुल गांधी ने कहा, 'मैं देव के आंखों से आंसू पोंछना चाहता हूं। उसके होठों पर खुशी देखना चाहता हूं। उसके पिता को भारत बुलाना चाहता हूं। मैं एक ऐसा हरियाणा चाहता हूं, जहां अवैध तरीके से कोई नौजवान नौकरी के लिए विदेश जाने के लिए मजबूर ना हो। राहुल गांधी के भाषण ने पूरे देश को द्रवीभूत कर दिया है। आज करनाल के बच्चे देव और उसके आंसुओं का जिक्र हर व्यक्ति की जुबान पर है। देश का हर जागरुक व्यक्ति राहुल गांधी के भाषण की प्रशंसा कर रहा है। बहुत शालीन किंतु गंभीरता से राहुल गांधी लगातार देश के बुनियादी मुद्दों को उठा रहे हैं। देव का जिक्र करते हुए खुद राहुल गांधी की आंखों में आंसू छलक आते हैं। ये आंसू नाटकीय भंगिमा के लिए जबरन नहीं पैदा किए गए। बल्कि एक पिता और पुत्र के बिछोह से उपजे हैं। राहुल गांधी ने अपनी युवावस्था के दहलीज पर ही अपने पिता को हमेशा के लिए खो दिया था। राहुल गांधी के छलकते हुए आंसुओं में पिता के अहसास की गर्माहट और उनको खोने की पीड़ा मौजूद थी।

राहुल गांधी ने शीर्ष पद पर पहुंचे बिना भारत की राजनीति को सृजनात्मक जीवन मूल्यों से संवारा है। उन्होंने राजनीति को संवेदनशील बनाया है। सत्ता के लिए नफरत और विभाजन की राजनीति से दूर राहुल गांधी मनुष्यता को पोषित करने वाली राजनीति कर रहे हैं। दो-तीन साल पहले जहां लोगों को राजनीति से ऊब और चिढ़ होने लगी थी,



राहुल ने प्रेम और सौहार्द्र का संदेश देकर राजनीति के प्रति लोगों का रुझान बदल दिया है। राहुल गांधी कभी प्रधानमंत्री बनें या ना बनें, उन्होंने भारत की राजनीति में एक नया प्रतिमान स्थापित कर दिया है, जिसकी चर्चा लंबे समय तक होती रहेगी।

इसकी शुरूआत भारत जोड़ो यात्रा से हुई। कन्याकुमारी से कश्मीर तक पैदल चलते हुए राहुल गांधी ने बच्चों को कंधों पर बिठाया, बुजुर्गों को सीने से लगाया, नौजवानों को हौसला दिया, महिलाओं को सम्मान दिया, दलितों को सामाजिक न्याय का संकल्प दिया, आदिवासियों को इस देश का पहला मालिक कहकर पुकारा, पिछड़ों की भागीदारी के लिए जाति जनगणना की मांग की। राहुल गांधी ने इस यात्रा के जरिए देश में व्याप्त नफरत और हिंसा के भय को दूर करने में कामयाबी हासिल की। किसानों और नौजवानों की नई उम्मीद बनकर राहुल गांधी खड़े हो गए। मुसलमानों और ईसाइयों के लगातार दरक रहे भरोसे को राहुल गांधी ने मजबूत किया। उन्होंने देश की राजनीति में 'भारत के विचार' को बिखरने से बचाया।

'एक अकेला सब पर भारी' और '56 इंच की छाती' की मुनादी करते हुए नरेंद्र मोदी ने अपने इर्दगिर्द एक औरा बना लिया था। इसमें सत्ता का गुरुर तो था ही विपक्ष को अप्रासंगिक बना देने की हनक भी थी। नरेंद्र मोदी का यह अहंकार देश के लोगों पर बहुत भारी पड़ गया। नोटबंदी और कोरोना काल की तालाबंदी के समय लोगों को भेड़-बकरियों की तरह हांक दिया गया। सैकड़ों लोग मर- खप गए। लेकिन मोदी ने उफ्फ तक नहीं की। किसानों की मौत पर जश्न मनाने वाले सत्तातंत्र के सामने आज राहुल गांधी के एक बच्चे के आंसुओं का जिक्र करना बहुत मायने रखता है। राहुल गांधी ने अपने भाषण में देव के दर्द को बयां करते हुए भारत में बेरोजगारी की भयावहता को मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया। करनाल से निकलकर अमित मान और उसके जैसे हजारों नौजवान डंकी बनकर अमेरिका और यूरोप के देशों में काम की तलाश में पहुंचे।

राहुल गांधी ने अमित मान की उस यातना भरी यात्रा का भी जिक्र किया। पश्चिम एशिया से होते हुए दक्षिण अमेरिका के जंगलों और समुद्र को पार करके माफिया से लुटते-पिटते हुए दर्जनों भारतीय नौजवान अमेरिका पहुंचे। अमित मान 10 साल तक अपने वतन वापस नहीं लौट सकता। बूढ़े मां-बाप, पत्नी और बच्चे रोज उसकी राह देखते हैं! देव को लगता है कि उसके पिता अब वापस नहीं आयेंगे। अब वह उनसे नहीं मिल पाएगा। राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस ऐसा हरियाणा चाहती है, जहां बेरोजगार नौजवानों को अपने देश में ही रोजगार मिले। दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था की ओर उन्मुख कथित विश्वगुरु भारत में इतनी बेरोजगारी क्यों है? राहुल गांधी ने मोदी और उनके कॉपोरेट मित्रों पर बड़ा हमला करते हुए कहा, मोदी ने अदानी को पोर्ट, एयरपोर्ट सब कुछ बेच दिया। अडानी और अंबानी का कारोबार चीनी कंपनियों के साथ है।

अडानी चीन से सामान मंगाकर, उस पर अपना लेबल चस्पाकर बेचता है। सामान चीन बना रहा है। रोजगार चीन में सृजित हो रहा है। मुनाफा अदानी कमा रहा है और भारत के नौजवान डंकी बनकर दूसरे देशों में जाकर नौकरी करने के लिए मजबूर हैं। सेना और पुलिस की सेवा करने का ख्वाब संजोने वाले हरियाणा के नौजवानों के सामने निपट अंधेरा है। उनके सपनों को मोदी ने छीन लिया। बूढ़े मां-बाप और बच्चों की आंखों को आंसू दिए और पत्नी को लंबा इंतजार। राहुल गांधी का यह भाषण जितना स्वाभाविक था, उतना ही प्रभावशाली भी।

पिछले एक दशक से राजनीति और सत्ता में संवेदनशीलता का लोप हो गया है। सत्ता में हिंदुत्व का वर्चस्व स्थापित है। सरकारी तंत्र नागरिकों के प्रति जिम्मेदार नहीं, बल्कि प्रजा को आज्ञापालक बनाकर रखना चाहता है। लोगों के हित और कल्याण के बदले सत्ताधारियों का महिमामंडन होने लगा। लोकतंत्र जैसे राजतंत्र में तब्दील हो गया। लोगों के लिए बनाई गईं नीतियां और काम राजा की कृपादृष्टि हो गए। इसीलिए कोरोना वैक्सीन हो या 5 किलो राशन, इसके लिए थैंक यू मोदी जी बोलना पड़ता है। राहुल गांधी ने राजतंत्रात्मक राजनीति को जनतांत्रिक बना दिया है।

# सतपुड़ा के बदलते गांव और किसानी

– बाबा मायाराम

**आजकल** की शहरी चमक-दमक और तामझाम की दुनिया में हमारे गांव और खेती-किसानी की बातें पीछे छूट गई हैं। लेकिन मैं तो गांव का हूं, और जहां भी जाता हूं, वह साथ रहता है। असल में हम जहां खड़े होते हैं, वहीं से देश-दुनिया को देखते हैं, वही हमारा नजरिया बन जाता है। इस लिहाज गांव महत्वपूर्ण है। आज के इस कॉलम में गांवके अनुभव साझा करना चाहूंगा, जिससे हमें पुराने गांवों की झलक मिल सके, जो अब काफी बदल गए हैं।

मध्यप्रदेश के होशंगाबाद ( अब नर्मदापुरम) जिले में मेरा गांव है। इस गांव में रहकर ही मैंने हाईस्कूल तक की शिक्षा पूरी की। प्राथमिक स्कूल गांव में था। माध्यमिक स्कूल ढाई किलोमीटर औ? हाईस्कूल 7 किलोमीटर दूर था। माध्यमिक स्कूल पैदल जाता था और हाईस्कूल जाने के लिए साइकिल थी।

यह चार दशक पुरानी बात है। उस समय न तो गांवों में ज्यादा मोटर साइकिलें हुआ करती थीं, और न ही ट्रेक्टर। वह जमाना टीवी-चैनलों का भी नहीं था। पक्के (सीमेंट-कंक्रीट) मकान भी कम थे। मिट्टी के मकान ही थे। गांव में सड़कें नहीं थीं और ना ही नल। गांव में कुएं हुआ करते थे,पनघट पर भीड़ होती थी, बाल्टियों की खट-पट होती थी।

हमारे गांव में अलग-अलग जातियों के मोहल्ले थे। अधिकांश लोगों की आजीविका खेती और पशुपालन पर आधारित थी। लेकिन बड़ी संख्या मजदूरों की थी, जो



खेतों में मजदूरी करते थे। मेरे पिता भी एक छोटे किसान थे, हालांकि मैंने खुद खेत में काम नहीं किया, पर थोड़ी बहुत उनकी मदद जरूर करता था।

अगर हम इस जिले को भौगोलिक दृष्टि से दो भागों में बांटे तो एक सतपुड़ा की जंगल पट्टी है और दूसरा है नर्मदा का कछार। सतपुड़ा की जंगल पट्टी में मुख्य रूप से आदिवासी निवास करते हैं। नर्मदा कछार में कृषक जातियां निवास करती हैं। हालांकि कई मिश्रित गांव भी हैं। हमारा गांव मिश्रित था,और मैदानी क्षेत्र में है। हालांकि वहां से सतपुड़ा पहाड़ ज्यादा दूर नहीं है।

मैं छुटपन से ही किसानों के बीच रहा। उनके बीच पला-बढ़ा, उठा बैठा, बोला बतियाया। आड़ी-टेढ़ी पगडंडियों से गुजरा। खेत-खलिहानों में गया। उनके दुख-दर्द को सुना। वे कैसे रहते हैं, खेतों में कब जाते हैं, वहां क्या करते हैं, क्या खाते हैं, क्या पहनते हैं। क्या बोलते बताते हैं, क्या सोचते हैं,यह सब सुना समझा है। इसलिए बाद में मैंने लेखन में कृषि को प्रमुखता दी। मेरे पिता किसान थे, और वह खुद रोज खेत जाया करते थे। फसल होती थी, तब तो खेत जाना होता था, लेकिन जब खेत खाली रहते थे, तब भी खेत जाते थे। मेरे पूछने पर एक दिन उन्होंने बताया था कि वे खेत से बात करते हैं। यानी खेत जाने से उन्हें समझ आता था कि खेत में क्या काम करना है। अगर मेड़ बनानी है तो वह काम करते थे, खेत को फसल को तैयार करना होता था, तो वह काम करते थे। खेत से उनका गहरा आत्मिक लगाव था।

जब वे खेत में जाते थे, तो आसपड़ोस के किसान भी आ जाते थे। वे आपस में मिल बैठकर खेती-किसानी के अलावा, दुख-दर्द भी आपस में साझा करते थे। वे क्या सोचते हैं, क्या उनके सपने हैं, क्या करना चाहते हैं, सब कुछ बतियाते थे। पेड़ के नीचे या गलियों में आराम से बैठे देखकर अच्छा लगता था, क्योंकि उन्हें किसी बात की जल्दबाजी नहीं होती थी। उनकी जिंदगी धीरे-धीरे चलती थी। आज की जिंदगी सबसे तेज, सबसे आगे के मंत्र से संचालित है।



# कार्यस्थल पर तनाव और विषाक्त माहौल को पहचानें

– लेखा रत्तनानी

**इस** साल की शुरूआत में 'बरीयिंग द बर्नआउटः डिकोडिंग द हेल्थ चैलेंजेस ऑफ इंडियाज टेक जीनियस' शीर्षक से एक अध्ययन में पाया गया कि 43 प्रतिशत भारतीय तकनीकी-पेशेवर अपने काम के कारण सीधे तौर पर स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं से परेशान हैं। लंबे समय तक काम करने के घंटे इन स्वास्थ्य समस्याओं के लिए जिम्मेदार हैं।

कार्यस्थल पर कामकाज के लंबे घंटे, तनाव और बर्नआउट सर्वविदित है, लेकिन हाल ही में हुई दो मौतों के बाद भारत में जड़ें जमा रही कार्य संस्कृति पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है। जुलाई में पुणे के एक युवा चार्टर्ड अकाउंटेंट की मौत और हाल ही में चेन्नई में एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर की आत्महत्या के मामले ने संपन्न कंपनियों की असली प्रकृति को उजागर कर दिया है। ये घटनाएं कथित तौर पर महीनों तक अवसाद और काम के दबाव से जूझने के बाद हुई। यहां हम ऐसे व्यवसायों के उदाहरण देखते हैं जो बाहर से आधुनिक समय के विकास के प्रकाश स्तंभ के रूप में पेश किए जाते हैं पर ये अंदर से अनिवार्य रूप से उन लोगों की कड़ी मेहनत और कम मजदूरी पर काम करने वाले मजदूरों की दुकानें हैं जिनकी व्यवस्था में कोई आवाज नहीं है- भारत के प्रतिभाशाली युवा।

पिछले हफ्ते 38 वर्षीय कार्तिकेयन को उनकी पत्नी जयारानी ने चेन्नई के अपने घर में मरा हुआ पाया। उसने बिजली के जिंदा तार छूकर मौत को गले लगा लिया। कार्तिकेयन ने चेन्नई की एक सॉफ्टवेयर फर्म कंपनी में 15 साल तक काम करने के बाद एक नई नौकरी ज्वाईन की थी। परिवार के सदस्यों का कहना था कि कार्तिकेयन पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव में था और उसका इलाज चल रहा था। आत्महत्या करने के पहले वह अपने दोनों बच्चों को उनके नाना-नानी के यहां छोड़ आया था।

विषाक्त कार्य संस्कृति में काम कर रहे 26 वर्षीय एन्ना सेबेस्टियन पेरायिल गत जुलाई में काम करने के दौरान ही बेहोश हो गयी। यह आधुनिक समय की भरपूर नींद से वंचित कार्य संस्कृति की भयावहता की एक सामान्य कहानी है जिसे उसकी मां ने सुनाया। एन्ना ने विशेष योग्यता के साथ सीए परीक्षा उत्तीर्ण की थी लेकिन अर्न्स्ट एंड यंग कंपनी में अपनी नौकरी के चार महीने बाद उसके साथ यह हादसा हुआ।

अर्न्स्ट एंड यंग इंडिया के चेयरमैन राजीव मेमानी को लिखे पत्र में एन्ना की मां अनीता ऑगस्टीन ने लिखा कि कंपनी में हर कोई जानता था कि एन्ना को एक ऐसे मैनेजर के अधीन रखा जा रहा है जो गैर-पेशेवर है। उन्होंने लिखा- 'वास्तव में एन्ना को अपने मैनेजर के बारे में सहकर्मियों से कई चेतावनियां मिली थीं। उसका मैनेजर क्रिकेट मैचों के दौरान अक्सर बैठकों का समय फिर से निर्धारित करता था और दिन के अंत में उसे काम सौंपता था जिससे उसका तनाव बढ़ जाता था। एक ऑफिस पार्टी में एक वरिष्ठ सहकर्मी ने मजाक में कहा कि उसे अपने मैनेजर के अधीन काम करने में मुश्किल होगी। दुर्भाग्य से उस सहकर्मी का मजाक एक वास्तविकता में बदल गया और वह काम का तनाव सह नहीं सकी।' यह विशेष रूप से निंदनीय है क्योंकि यह दशार्ता है कि अर्न्स्ट एंड यंग इंडिया काम करने के इस तरीके को जानता था, बर्दाश्त करता था और शायद प्रोत्साहित भी करता था। इस घटना से अकाउंटिंग के क्षेत्र में वैश्विक 'बड़ी चार' में से एक मानी जाने वाली कंपनी में व्यावसायिकता की कमी पर नए सवाल उठते हैं। क्या भारत को इन कंपनियों को इस तरह की खुली छूट देनी चाहिए? जो कुछ गलत हुआ है उसके लिए चेयरमैन को क्यों नहीं जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए?

# राज्यमंत्री ने पोषण किट बांट कुपोषण मिटाने पर दिया बल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उप्र सरकार की महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने राष्ट्रीय पोषण माह अभियान के तहत कुपोषित बच्चों व गर्भवती महिलाओं को पोषण किट बांटते हुए कुपोषण उन्मूलन पर जोर दिया।

रविवार को राष्ट्रीय पोषण माह अभियान के तहत राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कार्यक्रम दौरान कुपोषित बच्चों को पोषण किट बांटी। गर्भवती महिलाओं को गोदभराई किट प्रदान की। मंत्री ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं व प्रधानों के साथ संवाद किया। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि ये सातवां पोषण अभियान है। इसका मुख्य उद्देश्य कुपोषण को जड़ से समाप्त करना है। आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को डबल पुष्टाहार व जरूरी दवायें दी जा रही है। भारत को कुपोषण से मुक्त व विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य है। राज्यमंत्री ने सपा सांसद अफजल अंसारी के साधु-संतों पर की गई टिप्पणी की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म शाश्वत व सभी का सम्मान करने वाला धर्म है। जो लोग इसका उपहास उड़ाते हैं, वे सूर्य के सामने दीप जलाने का काम कर रहे हैं। उप्र में आगामी दस सीटों पर होने वाले उपचुनावों बाबत कहा कि हमें सभी सीटों पर जीत का पूरा भरोसा है। योगी-मोदी सरकार की अगुवाई में प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य कुपोषण के खिलाफ जनजागरण व पोषण अभियान की सफलता को बढ़ावा देना है।


पोषण किट बांटती राज्यमंत्री।

## आनलाइन आवेदन पांच अक्टूबर तक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राजेन्द्र कुमार ने बताया कि खादी ग्रामोद्योग पुरस्कार योजना के तहत उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड से संचालित मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना एवं खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग द्वारा संचालित प्रशिक्षण योजनान्तर्गत विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण प्राप्त जो उद्यमी, इकाई स्वयं के श्रोतों से इकाईयों की स्थापना कर उत्कृष्ट कार्य कर रहे जो वित्तीय वर्ष 2024-25 से तीन वर्ष पूर्व स्थापित एवं निरन्तर कार्यरत ऐसी इकाईयां जो अब तक सफलता पूर्वक कार्य कर रही है, के उत्साह वर्धन के लिए उन्हे पुरस्कार से सम्मानित किया जाना है। स्थापित इकाईयां अपना आवेदन पत्र पांच अक्टूबर तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला ग्रामोद्योग अधिकारी में उपस्थित होकर निर्धारित प्रारूप पर प्रस्तुत कर सकते हैं। योजना में अच्छे एवं उत्कृष्ठ उत्पाद, बिकी करने वाली इकाईयों का चयन शासन से गठित समिति करेगी।

# मन की बात विचारों के प्रवाह का सशक्त माध्यमः आरके पटेल

## त्योहारों में मेड इन इंडिया सामान ही खरीदें

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने 11 मंडलों के 124 शक्तिकेंद्रों के 851 बूथों पर मन की बात कार्यक्रम में सहभागी होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणास्पद विचारों को सुना गया।

रविवार को मन की बात कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम से प्रेरणा लेकर सबको नवाचार का प्रयास करना है। विशेष सदस्यता अभियान में कार्यकर्ताओं को सहभाग करना है। पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल ने मोदी के मन की बात को प्रेरणास्पद बताया। जिला संयोजक/जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने मातृशक्ति ने कहा कि मन की बात विचारों के प्रवाह का सशक्त माध्यम है। नारी शक्ति के प्रयासों पर विस्तार से चर्चा की। भारत की नवीन शक्ति का परिचायक है। मोदी ने वोकल फॉर लोकल का संकल्प पुनः स्मरण कराया। त्योहारों पर सबको मेड इन इंडिया सामान ही खरीदना है। हर मंडल के 30-30 बूथों पर विशेष सदस्यता योद्धा प्रवास करेंगे। पंकज अग्रवाल ने कहा कि प्रत्येक बूथ पर प्रवास करके कार्यकर्ता सदस्य बनाकर भाजपा परिवार को विस्तार दें। मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी ने कहा कि मन की बात में नारीशक्ति, युवा, छात्र, किसान सभी सहभागी हुए हैं। मन की बात कार्यक्रम में चन्द्र प्रकाश खरे, दिनेश तिवारी, चन्द्रप्रकाश खरे, आनन्द पटेल, बृजेश पांडे, अनूप त्रिपाठी, निर्मलेन्द्र पाण्डेय, रमाकांत पाण्डेय, राघव अग्रवाल, अश्विनी अवस्थी, विकास पाण्डेय, विनय उपाध्याय, भगवानदीन, विनोद पाण्डेय, सच्चिदानंद गर्ग, आशीष पाण्डेय, योगेन्द्र सिंह, मोहनदास, प्रदीप सिंह, रामप्रताप, श्रद्धांशु आदि कार्यकर्ता सहभागी हुए।


मन की बात सुनते भाजपाई।

# पुलिस ने तीन वारंटी दबोचे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** *पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने तीन वारंटी दबोचे हैं।*

*रविवार को राजापुर थाने के दरोगा सुरेन्द्र कुमार ने सिपाही संजय सिंह यादव के साथ वारंटी हनुमानदीन पुत्र माताबदल सोनरहटी कस्बा राजापुर को गिरफ्तार किया। इसी क्रम में राजापुर थाने के दरोगा अंकित सिंह ने सिपाही प्रकाश मिश्रा के साथ वारंटी शत्रुघन निषाद पुत्र रामसजीवन निषाद सगवारा को गिरफ्तार किया। मानिकपुर थाने के दरोगा रविन्द्र कटियार व दरोगा रामआधार सिंह ने वारंटी बेलंदा पुत्र बौरा हेला मानिकपुर को गिरफ्तार किया।*

# भक्त प्रहलाद की कथा से भावविभोर हुए श्रोता

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** दास हनुमान मंदिर श्रीधर धाम के कथा पंडाल में चल रही श्रीधाम वृंदावन के युवा कथावाचक आचार्य मनीष भाई ने सप्तम स्कंध में भक्तराज प्रहलाद व हिरण्यकशिपु की कथा को सुनाया। उन्होंने भक्त प्रहलाद के कथानक से धर्म, त्याग, भक्ति व निस्पृहता आदि की चर्चा करते हुए मानव धर्म, वर्ण धर्म व स्त्री धर्म का वर्णन किया।

रविवार को श्रीधाम वृन्दावन के युवा कथावाचक मनीष भाई पितृ मोक्ष को आयोजित श्रीमद्भागवत कथा की व्यास पीठ से देश भर से आये श्रोताओं व स्थानीय लोगों को ज्ञान वर्धक भागवत कथा का श्रवण करा रहे हैं। मनीष भाई ने कहा कि किसी भी स्थान पर बिना निमंत्रण जाने से पहले इस बात का ध्यान जरूर रखना चाहिए कि जहां आप जा रहे है वहां आपका, अपने इष्ट या अपने गुरु का अपमान हो। चाहे वह स्थान अपने जन्म दाता पिता का ही घर क्यों हो। सती चरित्र के प्रसंग को सुनाते हुए भगवान शिव की बात को नहीं मानने पर सती के पिता के घर जाने से अपमानित होने के कारण स्वयं को अग्नि में स्वाह होना पड़ा। कथा में उत्तानपाद के वंश में ध्रुव चरित्र की कथा को सुनाते हुए मनीष भाई ने ध्रुव की सौतेली मां सुरुचि के अपमानित होने पर भी उसकी मां सुनीति ने धैर्य नहीं खोया जिससे एक बहुत बड़ा संकट टल गया। पाप के बाद कोई व्यक्ति नरकगामी हो, इसके लिए श्रीमद् भागवत में श्रेष्ठ उपाय प्रायश्चित बताया है। भगवान नृसिंह रुप में लोहे के खंभे को फाड़कर प्रगट होना बताता कि प्रहलाद को विश्वास था कि मेरे भगवान इस लोहे के खंभे में भी है। उस विश्वास को पूर्ण करने को भगवान उसी में से प्रकट हुए। हिरण्यकश्यप का वध कर प्रहलाद के प्राणों की रक्षा की। कथा के दौरान भजन गायकों ने वाद्य यंत्रों से मनोहारी भजनों को प्रस्तुत किया।


कथा व्यास मनीष भाई।

# अश्विनी श्रीवास्तव बने चित्रकूट जिलाध्यक्ष

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अखण्ड पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष शील गहलौत ने अश्विनी श्रीवास्तव को चित्रकूट जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है। अश्वनी श्रीवास्तव ने पत्रकारों के हितों की सुरक्षा को अपनी प्राथमिकता बताया। पत्रकारों के अधिकारों और सुरक्षा के लिए संघ कडी मेहनत करेगा। रविवार को नए जिलाध्यक्ष अश्विनी श्रीवास्तव ने कहा कि पत्रकारों की सुरक्षा व उनके अधिकारों की रक्षा करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। पत्रकारों का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संगठन पूरी शक्ति के साथ पत्रकारों के साथ हो रहे किसी भी अन्याय के खिलाफ आवाज उठाएगा। जरूरत पडी तो संगठन पत्रकारों के हितों की रक्षा को सडक से संसद तक लडाई लडने से पीछे नहीं हटेगा। पत्रकारों के मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर उठाया जाएगा और हर मंच पर उनकी आवाज को मजबूत तरीके से रखा जाएगा।

अखण्ड पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष शील गहलौत ने अश्वनी श्रीवास्तव को ये जिम्मेदारी सौंपी। कहा कि संगठन पत्रकारों के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करेगा। जहां उनकी समस्याओं का समाधान व सुरक्षा का एहसास होगा।

डीएम के निर्देश

# ग्रामीणों को नदी किनारे जाने से रोकें

## जल स्तर में हो रही निरंतर वृद्धि

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में दो दिनों से भारी बारिश हो रही है। सभी जलाशयों के जलस्तर में अनापेक्षित भारी वृद्धि हो गई है। रसिन बांध की जल संग्रहण क्षमता का स्तर अधिकतम 142 मी निर्धारित है। इसके सापेक्ष आज जलस्तर 141.30 मी है। साथ ही निरन्तर वृद्धि हो रही है।

रविवार को बढ़ते जल स्तर के मद्देनजर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने एडीएम एफआर उमेश चंद्र निगम को निर्देश दिये कि रसिन बांध का मौके पर स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थायें देखें। स्थलीय निरीक्षण दौरान समय सहायक अभियंता ने बताया कि बांध के गेटों को खोले जाने पर बांध का पानी बानगंगा नदी से बागेन नदी में समाहित होगा। अपर जिलाधिकारी ने सहायक अभियंता को निर्देश दिये कि जो गांव नदी किनारे हैं, वहां मुनादी कराकर ग्रामीणों को सुरक्षित रहने को सुचित करें। कोई भी व्यक्ति अथवा मवेशी नदी किनारे न जाये। किसी प्रकार के अप्रिय घटना से बचें। सहायक अभियंता को निर्देश दिये कि समय-समय पर जल स्तर को देखते रहें। सूचनाओं का आदान-प्रदान करते रहें। थाना प्रभारी भरतकूप से वार्ताकर निर्देश दिये कि भ्रमणशील रहकर देखते रहे। इस मौके पर सहायक अभियंता सर्वजीत कुमार, प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।


रसिन बांध का निरीक्षण करते सहायक अभियंता।


जानकारी देते मृतक के परिजन।

# करंट से दो भाइयों की मौत, दो घायल

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** बियावल गांव मजरा काशीनाथ का पुरवा में रविवार सवेरे छह बजे करंट लगने से दो लोगों की मौत हो गई। जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार कोमल पुत्र रामनाथ केवट को करंट लगा। उसे बचाने को उसके सगे भाई अशोक (48) व राजेंद्र (42) दौड़े। दोनों भाई करंट की चपेट में आ गए और उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। प्रधान ने बताया कि दोनों भाई खेत में फसल लगाने के दौरान बिजली के करंट से उतरे तार पर आए थे। सूचना मिलते ही मऊ थाना प्रभारी विनोद कुमार राय ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा भरकर शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मऊ के तहसीलदार विजय कुमार यादव ने मृतकों के परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

एक घायल को ग्रामीणों की मदद से मऊ सीएससी लाया गया। जहां डॉक्टर ने दो को मृत घोषित कर दिया। अन्य दो घायलों का इलाज जारी है और उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# अत्याचारों से परेशान पाकिस्तानी हिंदू परिवार चित्रकूट आये

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** प्रभु श्रीराम की तपोस्थली में पाकिस्तानी हिंदू परिवार पहुंचा है। पाकिस्तान में हो रहे अत्याचारों से तंग आकर भारत में शरण ले रहे हैं। पाकिस्तान में मुसलमानों के जबरन गौमांस खिलाने व हिंदू महिलाओं के सिंदूर व बिंदी लगाने पर हिंसा के दबाव ने इन्हें अपने देश में असुरक्षित बना दिया था।

नागरिकता संशोधन अधिनियम के तहत इन परिवारों को भारतीय नागरिकता तो मिल गई है, लेकिन रोजगार व स्थायी निवास की व्यवस्था सरकार की ओर से अभी तक नहीं की गई है। इससे ये परिवार कोतवाली क्षेत्र के संग्रामपुर गांव में अस्थायी रूप से रह रहे हैं। इनके रहने की व्यवस्था स्थानीय निवासी कमलेश कुमार पटेल ने की है।

पांच सदस्यीय इस परिवार में धर्मवीर, ननकी, चंद्रमा, प्रेमदास व एक नाबालिग लड़की शामिल है। ये लोग ब्राह्मण होने के नाते पूजा-पाठ करने और रोजगार की तलाश में चित्रकूट आए हैं। परिवार के अनुसार, ष्हमने चित्रकूट का नाम सुना था, इसलिए यहां आ गए। ज्ञात है कि एक साल पहलेएक दर्जन पाकिस्तानी हिंदू परिवार चित्रकूट आए थे। जिन्हें पुलिस ने सुरक्षा के चलते एक महीने तक घर में नजरबंद रखा और फिर दिल्ली भेज दिया था।


पाकिस्तानी हिन्दू परिवार।


पकड़ा गया गाजा का आरोपी तस्कार।

# दस किलो गांजा समेत एक अन्तर्राज्जीय गांजा तस्कर गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ मऊ जयकरन सिंह की अगुवाई में चैकी प्रभारी सरैंया श्यामदेव सिंह की टीम ने एक अन्तर्राज्जीय गांजा तस्कर को दस किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया।रविवार को पूर्वान्ह 11 बजे चैकी प्रभारी सरैंया की टीम ने मुखबिर की सूचना पर मुस्लिमपुर रोड़ सरैंया के पास मुकेश कुमार वर्मा पुत्र योगेश वर्मा बहादुरपुर रसूलाबाद कानपुर देहात को गिरफ्तार किया। जामा तलाशी से उसके कब्जे से एक ट्राली बैम में दस किलो गांजा बरामद हुआ। पूंछताछ में बताया कि वह गांजा सतना मप्र से लाया है। कानपुर ले जा रहा है। कुछ देर पहले मानिकपुर रेलवे स्टेशन से ई-रिक्शा बुक करके आया है, बस का इंतजार कर रहा था। बरामद गांजे की कीमत ढाई लाख रुपये है। टीम में चैकी प्रभारी सरैंया श्यामदेव सिंह, सिपाही विनोद यादव व राजमंगल बिंद शामिल रहे।

# शत-प्रतिशत स्वच्छ व सुंदर बनायें कामतानाथ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के तहत कामतानाथ परिक्रमा मार्ग में स्वच्छता ही सेवा पखवारा के तहत स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता की अगुवाई में ईओ लालजी यादव ने श्रद्धालुओं की मौजूदगी में कामतानाथ परिक्रमा मार्ग मे प्लॉग रन महासफाई अभियान चलाया।

रविवार को ईओ लालजी यादव ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को स्वच्छता के महत्व को समझना चाहिए। स्वच्छता का कार्य सफाई मित्रों तक सीमित नहीं है। हम सबको मिलकर अपने नगर क्षेत्र को साफ करने में सहयोग करना है। ब्रांड एंबेसडर स्वच्छ भारत मिशन राकेश केसरवानी ने बताया कि स्वच्छता की शुरुआत अपने घर से, वार्ड से, मोहल्ले से, कामतानाथ परिक्रमा मार्ग से करनी चाहिए। दुकानदारों, व्यवसाइयों को अपने प्रतिष्ठान पर दो डस्टबिन का प्रयोग करना चाहिए। कामतानाथ परिक्रमा मार्ग में स्वच्छता रैली/प्लाग रन के साथ कार्यक्रम का समापन करते हुए स्वच्छता की शपथ दिलाई। नगर की स्वच्छता व सुंदरता को बनाया जा सके। पॉलिथीन से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया। पॉलिथीन का प्रयोग न करने के लिए कहा। कामतानाथ परिक्रमा क्षेत्र को पॉलिथीन मुक्त बनाया जा सके। ईओ लालजी यादव ने बताया कि मंदिरों/घाटों, कामतानाथ की परिक्रमा मार्ग, प्रत्येक वॉर्ड में चिन्हित ब्लैक स्पॉट की सफाई निरंतर कराई जा रही है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक स्वच्छ भारत मिशन शिवा कुमार ने स्वच्छता का महत्व स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता में शत-प्रतिशत स्वच्छ व सुंदर बनाने को कहा। इस मौके पर सफाई व खाद्य निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, कर निरीक्षक राहुल पांडेय, बसंत लाल यादव, सफाई नायक जानकी कुशवाहा, विनोद आदि मौजूद रहे।



स्वच्छता अभियान में लगे कार्यकर्ता।

# घर की छत गिरने से पति की मौत, पत्नी घायल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कर्वी कोतवाली क्षेत्र के रैपुरवामाफी गांव में भारी बारिश से एक घर की छत गिर गई। हादसे में 65 साल के मइयादीन व उनकी पत्नी पलंग पर सोते समय दब गये। स्थानीय लोगों ने मलबे से उन्हें बाहर निकाला।

मलबे में दबने से मइयादीन की मौत हो गई। उनकी पत्नी की हालत गंभीर है। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। ये हादसा शनिवार की रात तीन बजे हुई। बताया गया कि रातभर हुई मूसलाधार बारिश से घर के बगल से तेज पानी बहने लगा। घर की कमजोर स्थिति से ये हादसा हुआ। गांव के पंचायत मित्र शशि पटेल ने बताया कि लगातार बारिश से घर के पास का इलाका जलमग्न हो गया था। इससे दीवारें कमजोर हो गईं व घर गिर गया। कर्वी कोतवाल उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मृतक का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। लेखपाल व कानूनगो ने मौके पर जाकर घटना की जानकारी ली। मइयादीन के दो बेटे हैं। जिनकी शादी हो चुकी है। फिलहाल, प्रशासन इस घटना की जांच कर रहा है।

# बीएसए का सम्मान करेंगे शिक्षक

**चित्रकूट।** जिला बेसिक शिक्षाधिकारी के तीन माह के भीतन जिले में शैक्षिक वातावरण का सृजन हुआ है। बीएसए ने जिले के प्रत्येक ब्लॉक के शिक्षकों से मीटिंग करके उनको प्रेरित करते हुए शिक्षकों के मन से नकारात्मकता को समाप्त करके सकारात्मकता का सृजन किया है।रविवार को उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय ने बताया कि जिले के पांच सौ शिक्षक पूर्व जिला बेसिक शिक्षाधिकारी की मंशा की पूर्ति नहीं की। इससे शिक्षक बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाकर हताश व परेशान थे। वर्तमान बीएसए ने शिक्षकों को शासन की जीरो टॉलरेंस नीति पर विश्वास स्थापित करने का काम किया है। वर्तमान बीएसए की मंशा है कि न भ्रष्टाचार करेंगे न किसी को भ्रष्टाचार करने देंगे। शासन की योजनाओं का लाभ बिना किसी भ्रष्टाचार व गुणवत्ता में समझौता किये गरीब बच्चों तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। कोई दलाल कमीशन या सुविधा शुल्क की बात करें तो बतायें, ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। शिक्षकों की न्यायोचित समस्याओं के नियमसंगत व ईमानदार समाधान करने में सहयोगी समस्त खण्ड शिक्षाधिकारियों व सम्मानित जिला बेसिक शिक्षाधिकारी का सम्मान समारोह किया जायेगा।

## नया गाजा बनने जा रहा है लेबनान? बॉर्डर पर बढ़ी इजरायली सेना की हलचल




**तेल अवीव: इजरायली** एयरफोर्स ने लेबनान में बीते हफ्ते ताबड़तोड़ हवाई हमले किए हैं, जिससे जानमाल का भारी नुकसान हुआ है। हवाई हमलों के बाद इजरायल जमीन पर भी लेबनान में आक्रामण कर सकता है। इजरायल ने बीते कुछ दिनों में लेबनान बॉर्डर पर सेना की मौजूदगी और अभ्यास को बढ़ाया है। इससे ये अंदेशा बढ़ा है कि इजरायल की ओर से लेबनान में हमला हो सकता है। ऐसा होने पर लेबनान में भी गाजा जैसी स्थिति होने का खतरा पैदा हो जाएगा।

यरुशलम पोस्ट ने सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में कहा है कि इजरायल के जमीनी हमले की चर्चा तेज है। हालांकि आधिकारिक तौर पर इजरायल ने हिजबुल्लाह के साथ संघर्ष को आगे बढ़ाते हुए लेबनान पर जमीनी आक्रमण करने का आखिरी फैसला नहीं किया है। इजरायली नेतृत्व आने वाले दिनों में इस पर फैसला ले सकता है।

दक्षिणी लेबनान में घुस सकती है इजरायली आर्मी

रिपोर्ट कहती है कि अगर इजरायली आर्मी (आईडीएफ) आक्रमण करने का निर्णय लेता है, तो उसके शुरूआती प्लान में दक्षिणी लेबनान के कुछ हिस्सों में सीमित आक्रमण हो सकता है। माना जा रहा है कि हिजबुल्लाह की ओर से इजरायल में नया हमला किया गया तो इसका जवाब आईडीएफ जमीनी आक्रामण कर-के दे सकती है।

हिजबुल्लाह प्रमुख हसन नसरल्लाह की हत्या के बाद से क्षेत्र में तनाव चरम पर है लेकिन आईडीएफ और इजरायली सरकार ने अभी तक लेबनान पर जमीनी हमले के बारे में आखिरी निर्णय नहीं लिया है। एक्सपर्ट का दावा है कि हिजबुल्लाह को लितानी नदी के पास से अपनी सेना वापस लेने पर मजबूर करने के लिए जमीनी आक्रमण किया जा सकता है।

हिजबुल्लाह के अगले कदम पर भी नजर लेबनान और इजरायल के बीच संघर्ष की स्थिति इस बात पर भी निर्भर करेगी कि नसरल्लाह के बाद हिजबुल्लाह का नया नेता संघर्ष पर क्या नजरिया अपनाता है। हिजबुल्लाह के नए नेता की ओर से अगर संयम की बात की गई तो मुमकिन है कि बॉर्डर पर संघर्ष फिलहाल कुछ दिन के लिए टल जाए। ऐसे में हिजबुल्लाह के नए नेता के चुनाव पर भी नजर है।

इजरायल की ओर से आक्रमण के अंदेशे से जुड़ी रिपोर्ट बॉर्डर पर आईडीएफ की सैन्य गतिविधियों पर केंद्रित हैं। इजरायली रक्षा प्रतिष्ठान के भीतर इस बात पर बहस चल रही है कि गंभीर जमीनी लड़ाई होगी तो क्या इसे नवंबर की शुरूआत में यानी बरसात के मौसम की शुरूआत से पहले खत्म किया जा सकेगा।

## हिजबुल्लाह की सीक्रेट यूनिट 910, जिसने दुनियाभर में इजरायलियों को निशाना बनाने के लिए बनाया प्लान

- हसन नसरल्लाह की मौत का बदला लेने के लिए हिजबुल्लाह की तैयारी
- विदेशों में हमले के लिए हिजबुल्लाह की यूनिट 910 तैयार
- दुनिया भर में इजरायलियों के लिए खतरा है हिजबुल्लाह की यूनिट



**बेरूत/तेल अवीव: हिजबुल्लाह** चीफ हसन नसरल्लाह की इजरायली हमले में मौत के बाद दुनिया भर में फैले यहूदी समुदाय और इजरायली लोगों के सामने एक बड़ा खतरा आ गया है। ये खतरा है हिजबुल्लाह की सबसे खतरनाक यूनिट 910, जो विदेशों में इजरायली और यहूदी समुदाय के लोगों को निशाना बनाने के लिए तैयार है। एक्सपर्ट का कहना है कि हिजबुल्लाह की यूनिट 910 दुनिया भर में इजरायली और यहूदी हितों के लिए स्पष्ट खतरा है।

हिजबुल्लाह की यूनिट 910 को ब्लैक यूनिट या शैडो यूनिट के नाम से जाता है। यह यूनिट लेबनान के बाहर हमलों के लिए जिम्मेदार है। इसके ईरान के रिवॉल्यूशनरी गार्ड से करीबी रिश्ते हैं। इसके ऑपरेटिव अफ्रीका और एशिया से लेकर अमेरिका और यूरोप तक में मौजूद हैं। लगभग 32 साल पहले जब पूर्व हिजबुल्लाह नेता अब्बास अल-मुसावी की हत्या की गई थी, तो यूनिट ने सफलतापूर्वक जवाबी कार्रवाई की थी।

सबसे खतरनाक शाखा

यूनिट 910 को हिजबुल्लाह की सबसे खतरनाक शाखाओं में गिना जाता है। इसकी कमान तलाल हमियाह के पास है, जिसे अबू जाफर के नाम से भी जाना जाता है। अल्मा रिसर्च सेंटर के शोधकर्ता ताल बैरी ने यूनिट के बारे में बताते हुए कहा कि यह उन क्षेत्रों में काम करती है, जहां तत्काल कार्रवाई के लिए पहले से तैयार आतंकी ढांचे हैं।

विदेशों में ऑपरेशन

हिजबुल्लाह की यूनिट 910 कई बड़े और हाई-प्रोफाइल हमलों में शामिल रही है। इसने 1992 में ब्यूनस आयर्स में इजरायली दूतावास और 1994 में अर्जेंटीना में यहूदी सामुदायिक केंद्र पर बमबारी को अंजाम दिया था। 2012 में इस यूनिट ने बुल्गारिया के बर्गास में इजरायली पर्यटकों को ले जा रही बस पर आत्मघाती बम विस्फोट किया था।

बेहद ही गोपनीय

हिजबुल्लाह की यूनिट 910 के सदस्य पूरी दुनिया में मौजूद हैं। इसके ऑपरेटिव अक्सर विदेशी नागरिकता रखते हैं और आम नागरिक के रूप में रहते हैं। हाल के दशकों में यूनिट 910 की गतिविधियां मुख्य रूप में दक्षिण अमेरिका, अफ्रीका और एशिया पर केंद्रित रही हैं, लेकिन इसने अमेरिका और यूरोप में भी काम किया है।

अमेरिकी रिपोर्टों के अनुसार, यूनिट 910 ने न्यूयॉर्क में जेएफके हवाई अड्डे समेत प्रमुख स्थलों पर हमलों की योजना बनाई थी। अमेरिका में गिरफ्तार किए गए हिजबुल्लाह के एक ऑपरेटिव अली कोरानी ने अमेरिका और इजरायल में हमलों के लिए समूह की योजनाओं का खुलासा किया था।

## सुनीता विलियम्स को स्पेस से लाने का मिशन शुरू



**वॉशिंगटन: पिछले** 3 महीनों से स्पेस में फंसी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को वापस लाने के लिए नासा ने मिशन लॉन्च किया है। स्पेसएक्स के क्रू ड्रैगन अंतरिक्ष यान को दो अंतरिक्ष यात्रियों के साथ लॉन्च किया गया है। अंतरिक्ष यान में दो खाली सीटें भी हैं, जिनके जरिए सुनीता विलियम्स और विल्मोर को स्पेस से वापस लाया जाएगा। शनिवार को फ्लोरिडा के केप कैनावेरल से अंतरिक्ष यान लॉन्च हुआ। दोनों अंतरिक्ष यात्री बोइंग स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान के जरिए स्पेस में गए थे। फरवरी में अब इनकी वापसी हो सकती है।

बोइंग स्टारलाइनर की यह टेस्ट फ्लाइट थी। दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को 8 दिन के लिए स्पेस में रहना था। लेकिन बोइंग स्टारलाइनर में खराबी के कारण वह पृथ्वी पर नहीं लौट पाए हैं। बोइंग स्टारलाइनर दो महीने से ज्यादा समय तक स्पेस में रहने के बाद धरती पर खाली लौट आया। उसकी लैंडिंग सुरक्षित रही। स्पेस एक्स के क्रू ड्रैगन के जरिए नासा के अंतरिक्ष यात्री निक हेग और रूसी अंतरिक्ष यात्री अलेक्जेंडर गोबुनोव ने अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरी।

तूफान के कारण नहीं हुआ लॉन्च

गुरुवार को क्रू ड्रैगन की लॉन्चिंग होनी थी। लेकिन तूफान हेलेन के कारण इसमें देरी हुई। फ्लोरिडा, जॉर्जिया और टेनेसी और कैरोलिनास में इसने तबाही मचाई है। अरबपति एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने क्रू ड्रैगन को बनाया है। हर छह महीने में क्रू पर यह अंतरिक्ष यात्रियों को लाता और ले जाता है। भारतीय समय के मुताबिक सोमवार की सुबह 3 बजे यह स्पेस स्टेशन से जुड़ जाएगा।

स्टारलाइनर में आई थी खराबी

नासा और रूसी स्पेस एजेंसी रोस्कोस्मोस के बीच एक कॉन्ट्रैक्ट है।

इसके तहत तीन सीटों वाला रूसी सोयुज अंतरिक्ष यान क्रू के लिए हर उड़ान के दौरान एक नासा अंतरिक्ष यात्री को ले जाता है।

## हसन नसरल्लाह की मौत से डरा हमास चीफ

**तेल अवीव: हिजबुल्लाह** चीफ हसन नसरल्लाह के मारे जाने के बाद हमास चीफ याह्या सिनवार की चिंता बढ़ गई है। हमास चीफ गाजा की सुरंगों में छिपा है। सऊदी अरब के अल अरबिया टीवी चैनल ने शनिवार को एक रिपोर्ट में कहा कि नसरल्लाह की मौत के बाद याह्या सिनवार ने अपनी लोकेशन बदल दी है। इजरायल ने शुक्रवार को लेबनान में एक एयर स्ट्राइक की थी। इसमें हिजबुल्लाह प्रमुख हसन नसरल्लाह की मौत हो गई। हमला हिजबुल्लाह के हेडक्वार्टर पर किया गया था। जहां हमला हुआ वहां हिजबुल्लाह के कई कमांडर और ईरान का एक कमांडर मौजूद था।

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पिछले कुछ दिनों से याह्या सिनवार की सुरक्षा में भी बदलाव किया गया है। हमास नेताओं ने विदेश में बैठे अपने उच्च अधिकारियों के साथ संचार बंद करने का फैसला किया है। साथ ही लेबनान में होने वाली सभी मीटिंग को अगली सूचना तक रद्द कर दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक हमास नेता अब आपस में सिर्फ लिखे हुए पत्र के जरिए बातचीत करते हैं।

## बांग्लादेश के राजनीतिक संकट ने कट्टरपंथियों के लिए खोले दरवाजे



**ढाका: बांग्लादेश** में अगस्त में भारी विरोध प्रदर्शन के बाद शेख हसीना की सरकार गिरी और उनको ढाका छोड़ना पड़ा। हसीना सरकार गिरने के तुरंत बाद ही इस तरह की घटनाएं शुरू हो गईं, जो एक खास ट्रेंड की ओर इशारा करती हैं। जैसे-कुछ मुस्लिम महिलाओं को हिजाब पहनने के लिए कहा गया। सेक्युलेरिज्म की तरफदारी करने वालों पर हमले हुए और अल्पसंख्यक हिन्दुओं को निशाना बनाया गया। ये सब देश में इस्लामी कट्टरपंथियों की बढ़ती ताकत का इशारा है।

ब्लूमबर्ग ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि कैसे राजनीतिक अस्थिरता और अराजकता ने बांग्लादेश में कट्टरपंथियों के लिए दरवाजे खोल दिए हैं। रिपोर्ट कहती है कि दुनिया की चौथी सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी वाला बांग्लादेश फिलहाल एक अहम मोड़ पर खड़ा है। पश्चिम के देशों और भारतीय अधिकारियों को डर है कि इस्लामी चरमपंथी बांग्लादेश में पैर जमा रहे हैं।

बांग्लादेश में 15 साल के शासन के बाद पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को पद से हटाए जाने से शुरू में उम्मीद जगी थी कि देश लोकतंत्र और स्वच्छ सरकार के एक नए युग को अपनाएगा। सेना ने नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस को अंतरिम सरकार का नेतृत्व देकर भी इस आशा को मजबूत किया। यूनुस ने गरीबों के लिए काफी काम किया है।

बांग्लादेश में हसीना सरकार के बाद बेहतर लोकतंत्र की बजाय उग्रवाद की आमद हुई है। पीएम रहते हुए हसीना पर तानाशाही रवैया रखने के आरोप लगे लेकिन उनको कट्टरपंथियों पर लगाम कसने और बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी जैसे समूहों को काबू में रखने के लिए प्रशंसा भी मिलती रही है। अब ये समूह अतिउत्साहित लगते हैं। बांग्लादेश में हाल के हफ्तों में शेख हसीना समर्थकों और धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ बदला लेने की शैली में हमले बढ़े हैं। ढाका में अराजकता का बोलबाला है। शिकागो यूनिवर्सिटी में इंटरनेशनल सिक्योरिटी के प्रोफेसर पॉल स्टैनिलैंड का कहना है कि बड़े बदलाव के बाद ये जोखिम है।

## बलूचिस्तान में एक बार फिर पंजाबियों पर हमला, कमरे में सो रहे सात मजदूरों की गोलियों से भूनकर हत्या

**इस्लामाबाद: पाकिस्तान** के बलूचिस्तान प्रान्त में शनिवार देर रात सात मजदूरों की गोलियों से भूनकर हया कर दी गई। पंजगुर शहर के खुदा-ए-अबादान इलाके में ये घटना हुई, जिसमें एक कमरे में सो रहे पंजाब के सात लोगों पर हथियारबंद हमलावरों ने गोलियां बरसा दीं। पाकिस्तान के अधिकारियों ने इसे आतंकी हमला करार दिया है। हमले के पीछे बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) का हाथ बताया गया है।

डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, पंजाब के मुल्तान शहर के रहने वाले साजिद, शफीक, फैयाज, इफ्तिखार, सलमान, खालिद और वासिया पंजगुन में बन रही एक इमारत में मजदूर के तौर पर काम कर रहे थे। शनिवार रात को इन पर हमला उस वक्त हुआ, जब वे घर के उसी कमरे में सो रहे थे, जहां वे काम कर रहे थे। सभी की मौके पर ही मौत हो गई।

ऑटोमेटिक हथियारों से की गई गोलीबारी

स्थानी पुलिस के अनुसार, हथियारबंद लोगों ने श्रमिकों को निशाना बनाते हुए स्वचालित हथियारों से गोलीबारी की। इसमें सात मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई और एक अन्य घायल है। पंजगुर के एसएसपी फाजिल शाह बुखारी के मुताबिक, गोलीबारी में जान गंवाने वाले मजदूर मुल्तान के शुजाबाद इलाके के हैं और उनको अबू ब्रक्र नाम के शख्स ने मजदूरी के लिए बुलाया था।

पंजगुर के एसएसपी ने कहा कि यह एक आतंकवादी हमला है और घटना की जांच जारी है।

## हसन नसरल्लाह को महीनों से ट्रैक कर रहा था इजरायल

**तेल अवीव: इजरायल** ने हिजबुल्लाह के चीफ हसन नसरल्लाह को एक एयर स्ट्राइक में मार दिया है। इजरायल के तीन वरिष्ठ रक्षा अधिकारियों ने बताया कि इजरायल कई महीनों से हसन नसरल्लाह की लोकेशन पर नजर रखे हुआ था। हमला करने का निर्णय केवल इसलिए लिया गया क्योंकि उनका मानना था कि उनके पास एक छोटा मौका है, जिसमें नसरल्लाह को मारा जा सकता है। अगर यह मौका हाथ से निकल गया तो नसरल्लाह एक बार फिर गायब हो जाएगा। न्यूयॉर्क टाइम्स (NYT) में इससे जुड़ी रिपोर्ट सामने आई है। NYT के मुताबिक अधिकारियों ने कहा कि नसरल्लाह को मारने के लिए कई मिनटों में 80 से ज्यादा बम गिराए गए। हालांकि उन्होंने इस्तेमाल किए गए बमों के वजन या मॉडल की जानकारी नहीं दी। शुक्रवार को गिराए बमों में हसन नसरल्लाह के मौत की पुष्टि शनिवार को की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक एक सूत्र ने कहा कि ऑपरेशन की प्लानिंग प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के संयुक्त राष्ट्र महासभा में बोलने के लिए जाने से एक हफ्ते पहले ही बनाई गई थी। इजरायली अधिकारियों ने कहा कि हाशम सफीद्दीन हिजबुल्लाह के कुछ जिंदा बचे टॉप कमांडर्स में से एक है, जो एयर स्ट्राइक वाली जगह पर नहीं था। अधिकारियों का मानना है कि सफीद्दीन हिजबुल्लाह का नया चीफ घोषित किया जा सकता है। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को हिजबुल्लाह के लोगों की ओर से नसरल्लाह के शव की पहचान की गई।

## हसन नसरल्लाह की मौत से भड़के हूती विद्रोही, इजरायल पर हमले की दी धमकी, यमन में हिजबुल्लाह चीफ के मरने का जश्न



**साना: लेबनान** के हिजबुल्लाह के चीफ हसन नसरल्लाह की मौत ने पूरे मिडिल ईस्ट को हिलाकर रख दिया है। ईरान हिजबुल्लाह चीफ की मौत से नाराज है। वहीं अब यमन के हूती विद्रोहियों ने इजरायल की टेंशन बढ़ा दी है। यमन के हूती विद्रोहियों ने शनिवार को हसन नसरल्लाह की मौत को इजरायल की ओर से की गई हत्या बताते हुए कड़ी निंदा की। हिजबुल्लाह का समर्थन करने के लिए उसने जवाबी कार्रवाई की कसम खाई है। हूती जहां बदला लेने की बात कर रहे हैं तो यमन में कई लोग नसरल्लाह की मौत पर खुशी जता रहे हैं।

हूती सुप्रीम पॉलिटिकल काउंसिल ने नसरल्लाह को एक 'महान मुजाहिद' बताया। हूती सरकार ने भी हसन नसरल्लाह की मौत की निंदा करते हुए इजरायल और अमेरिका को सजा देने की बात कही। हूती समर्थकों ने हिजबुल्लाह के समर्थन के लिए इजरायल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। हिजबुल्लाह की तरह हूती विद्रोहियों को भी ईरान का समर्थन मिला है। हूतियों को प्रतिरोध की धुरी कहा जाता है। लंबे समय से वह हिजबुल्लाह का समर्थक रहा है। कथित तौर पर हूती विद्रोहियों को यमन और उसके बाहर हिजबुल्लाह ने ट्रेनिंग दी है।

नसरल्लाह की मौत का जश्न

यमन में एक गुट जो हूती विद्रोहियों को पसंद नहीं करता उसने नसरल्लाह के मौत का जश्न मनाया है। जश्न मनाने वाले लोगों का कहना है कि हिजबुल्लाह ने हूती विद्रोहियों को समर्थन दिया, जिसके परिणामस्वरूप हजारों यमनी लोगों की मौत हुई और लाखों विस्थापित हुए। अल अरबिया की रिपोर्ट के मुताबिक यमनी पत्रकार मोहम्मद अल-धाबयानी ने नसरल्लाह का एक पुराना वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि वह सीरिया में 10 लाख और यमन में 5 लाख लोगों की मौत का जिम्मेदार था।

उन्होंने कहा, 'अगर हिजबुल्लाह यमन में न आता और हूतियों को ट्रेनिंग, हथियार, मीडिया और राजनीतिक समर्थन न देता तो वह इतना ताकतवर न हो पाता जितना आज है।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## अफ्रीका को समर्थन, भारत पर चुप्पी... चीन ने सुरक्षा परिषद में सुधारों पर दिखाया दोमुंहापन

- सुरक्षा परिषद में सुधारों पर चीन ने दिखाया दोहरा रवैया
- अफ्रीका का किया समर्थन लेकिन भारत पर चुप्पी
- भारत की स्थायी सदस्यता का विरोध में चीन




**न्यूयॉर्क: चीन** ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (वठरउ) में सुधारों को लेकर एक बार फिर अपना दोहरा रवैया दिखाया है। चीन ने अफ्रीकी देशों के लिए विशेष व्यवस्था के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधारों का समर्थन किया, लेकिन भारत को लेकर बीजिंग ने चुप्पी साध ली। चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने गुरुवार को कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधारों के मार्ग को आगे बढ़ाना आवश्यक है, जो अफ्रीका के लिए विशेष व्यवस्था को प्राथमिकता देता है।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधारों पर 10 राष्ट्राध्यक्षों और सरकार प्रमुखों की अफ्रीकी संघ समिति (उ10) और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्यों के विदेश मंत्रियों के बीच बैठक के दौरान वांग ने कहा, 'वर्तमान में सुरक्षा परिषद में पर्याप्त अफ्रीकी प्रतिनिधित्व का अभाव है, जो इसे अन्यायपूर्ण बनाता है।'

अफ्रीका के लिए दोहराया समर्थन

चीनी विदेश मंत्री ने अफ्रीका के लिए बीजिंग के समर्थन को दोहराया और कहा कि चीन यूएनएससी सुधार प्रक्रिया में अफ्रीका की मांगों को संबोधित करने वाली विशेष व्यवस्था की वकालत करने वाले पहले देशों में से एक था। उन्होंने कहा कि 'परिषद के अधिकार और दक्षता को बढ़ाने के लिए यूएनएससी को अफ्रीकी देशों विशेष रूप से छोटे और मध्यम आकार के देशों समेत विकासशील देशों की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए।'

वांग ने विकासशील देशों, विशेष रूप से वैश्विक दक्षिण में प्रतिनिधित्व और आवाज बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया, लेकिन भारत को लेकर एक बार फिर चुप्पी बनाए रखी। भारत लंबे समय से सुरक्षा परिषद में अपने लिए उचित स्थान मांग रहा है। चीन को छोड़कर सुरक्षा परिषद के बाकी चार सदस्य अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन और रूस भारत की मांग का समर्थन करते हैं।

रूस ने किया भारत का समर्थन

रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र को संबोधित करते हुए भारत की स्थायी सदस्यता समर्थन किया। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष विश्व व्यवस्था के लिए सुरक्षा परिषद में ग्लोबल साउथ के प्रतिनिधित्व के विस्तार की जरूरत है। रूस ने सुरक्षा परिषद में भारत और ब्राजील को स्थायी सदस्यता देने का समर्थन किया, लेकिन किसी नए पश्चिमी देश को स्थायी सीट देने का कड़ा विरोध किया। रूस के अलावा हाल ही में अमेरिका, फ्रांस, भूटान, पुर्तगान और चिली ने भारत को सदस्यता दिए जाने का समर्थन किया है।